26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 30 जुलाई , 2026

अंक- 276 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़ा संशोधन बिल पेश

## संसद में पीएम मोदी ने हाईलेवल मीटिंग की

### राजनाथ, जयशंकर, सीतारमण और एनएसए डोभाल शामिल हुए

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पेपर लीक से जुड़ा पब्लिक एग्जामिनेशन ( अनफेयर मीन्स की रोकथाम ) संशोधन विधेयक-2026 पेश किया। इस बिल पर सदन में चर्चा जारी है। बुधवार को लोकसभा ने करीब 7 घंटे की बहस के बाद इसे पारित किया था। इसी बीच संसद भवन में पीएम मोदी के ऑफिस में हाईलेवल बैठक हुई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, सर्बानंद सोनोवाल और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल शामिल हुए। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के एजेंडे की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# आजीवन कारावास या फांसी !

## प्रबल की हत्या के दोषियों को कल सुनाई जायेगी सजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुचर्चित प्रबल हत्याकांड में सात अभियुक्तों को अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अब लोगों की निगाहें कल सजा सुनाए जाने पर लगी है। लोगों में इस हत्याकांड की चर्चा के साथ उत्सुकता बनी हुई है कि इस मामले में दोषियों को अदालत कितनी सजा सुनाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का कहना है कि हत्या जैसे अपराध में आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा ही सुनायी जा सकती है, फांसी की नहीं क्योंकि यह अत्यन्त जघन्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। प्रबल का केस लड़ रहे अधिवक्ता अध्यक्ष जकावत का कहना है कि लम्बे संघर्ष और प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल के प्रयास के कारण इस मामले में अदालत से न्याय मिला है। यह जघन्य अपराध है, जिसमें प्रबल की हत्या कर उसकी लाश भी छुपा दी गई। ऐसे जघन्य अपराध में दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। हम फांसी की सजा की मांग करेंगे



अदालत के फैसले के बाद दोषियों को ले जाते हुए पुलिस।



प्रबल का फाइल फोटो।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता इन्द्रवीर सिंह का कहना है कि भारतीय न्याय संहिता 302 के अपराध में आजीवन कारावास से कम का प्रावधान नहीं है। इस मामले में आजीवन कारावास ही होने की संभावना है, फांसी नहीं क्योकि फांसी अत्यंत जघन्य अपराध में होती है। यह अत्यंत जघन्य मामले की श्रेणी में नहीं आता।

वरिष्ठ अधिवक्ता एस.के. बबली भी मानते है कि प्रबल हत्याकांड में दोषियों को आजीवन कारावास होने की ही ज्यादा संभावना है। सजा सुनाए जाने के दिन जजी परिसर में काफी भीड़ रहेगी। पुलिस प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था करनी चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार ढाका का कहना है कि हत्या जैसे अपराध में आजीवन कारावास से कम प्रावधान नहीं है। इसमें आजीवन कारावास की ही संभावना है। फांसी की नहीं। वरिष्ठ अधिवक्ता चौ. संजय कुमार भी मानते है कि इस मामले से लोगों की सजा को लेकर काफी उत्सुकता है। इसमें आजीवन कारावास होने की संभावना है। क्योंकि इससे कम सजा ऐसे मामले में नहीं हो सकती है।



आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश






## बारिश में गिर गया मकान हुआ भारी नुकसान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** तेज बारिश में एक ग्रामीण के पुराने मकान का जर्जर लिंटर भर-भराकर गिर जाने से हजारों रुपए का सामान खराब हो गया।



छत गिरने से पूर्व आभास होने पर परिजनों के मकान से बाहर निकल जाने से बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्र के ग्राम सादनगर निवासी धर्म सिंह विगत रात अपने परिजनों सहित मकान में सो रहे थे। बताया जाता है कि बारिश तेज होने पर मकान की छत के पुराने लिंटर का कुछ हिस्सा नीचे आ गिरा। अचानक छत का कुछ भाग गिरने पर चोकस हुए परिजन मकान से बहार निकल गए। इस दौरान कुछ देर बाद छत भर-भराकर गिर गई, जिससे मकान में रखा हजारों रुपए का सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। यदि समय रहते परिजन तत्काल घर से बाहर न निकलते तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

## श्री झंडे वाले बाबा आश्रम पर अखंड रामायण व भंडारे का आयोजन किया

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन श्री झंडे वाले बाबा आश्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम समिति के तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार से अखंड रामायण पाठ का आयोजन परिसर में किया गया था, जिसका समापन बुधवार



सुबह हुआ। तत्पश्चात हवन व भंडारे का आयोजन हुआ। आश्रम समिति के सदस्य विषु काकरान, संदीप लहरी, अमित चौधरी, प्रशांत चौधरी, अभिषेक कुमार, प्रशांत कुमार, मुनेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वर चौधरी, धर्मेंद्र सिंह एवं सुनील ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं को संभाला। आश्रम समिति के सदस्य ज्ञानेश्वर चौधरी ने बताया कि श्री झंडे वाले बाबा आश्रम लगभग सैकड़ों वर्ष पुरानी सिद्ध पीठ है, जिसके प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी धार्मिक आस्था है। उन्होंने बताया कि जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आता है उसकी इच्छा पूर्ण होती है। जिसके बाद वह श्रद्धा स्वरूप देसी घी का हलवा बनवाकर प्रसाद के रूप में वितरित करता है। यह परंपरा वर्षों से निरंतर चली आ रही है। भंडारे में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, भाजपा नेता प्रिंस चौधरी, हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज के अध्यक्ष अनंत चौधरी एडवोकेट, डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. उपेंद्र, मुख्तियार, सुरेंद्र सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## संत गुरु रविदास जी का 650वां जन्मोत्सव मनाया

**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एवं पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नगीना विधानसभा के ग्राम चमरावाला, नेजोवाली गांवड़ी में रविदास मंदिरों में स्थानीय लोगों के साथ श्री गुरु रविदास का 650 वां जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम में रोहित रवि ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में श्री गुरु रविदास जन्म भूमि की पावन मिट्टी को कलश पूजन के माध्यम से गांव-गांव पहुंचने का कार्य किया जाएगा। चमरावाला कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई ने पटका पहनाकर रविदास मंदिर के पुजारी का अभिवादन किया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ने नेजो वाली गांवड़ी में श्री गुरु रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ग्राम बदल्लोपुर में पूर्व विधायक सतीश गौतम ने रविदास मंदिर में दीप जलाकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अशोक कुमार, योगेश कुमार, अमन कुमार, अमीचंद, हरपाल सिंह, मनोहर सिंह, सोहन सैनी आदि मौजूद रहे।



## गायत्री शक्तिपीठ पर पूर्णिमा पर्व पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पूर्णिमा पर्व पर नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, रिंकी सिंह, नीलम कर्णवाल ने सम्पन्न कराया। चौ. करनवीर सिंह ने पत्नी श्रीमती प्रियंका के साथ मुख्य पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने भाई-बहनों को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य को गुरु रूप में वरण कराते हुए गायत्री महामंत्र की दीक्षा दी। सभी को यज्ञोपवीत जनेऊ पहनाया गया। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि गुरु-शिष्य परम्परा भारत की महान परम्परा है। गायत्री मंत्र गुरु मंत्र है। भारतीय संस्कृति में संध्या-वंदन के साथ, किसी भी देवी-देवता की पूजा के साथ गायत्री पूजा अनिवार्य है। नारी को भी यज्ञोपवीत संस्कार जनेऊ पहनने का अधिकार है। वेदों में नारी को शक्ति के रूप में गुणगान किया गया है। इस मौके पर हरीश शर्मा, राज भटनागर, सत्य प्रकाश, सुमन शर्मा, प्रभा राजपूत, ललिता, हिमानी, गौरी, पूनम, नितिन, विवेक, पुष्पेन्द्र, हेमेन्द्र, भार्गवी, प्रभा, अंशिका, तेजेन्द्र, अर्चित, तेजस आदि मौजूद रहे।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# 38 नामों पर मंथन के बाद बनी राम मंदिर की धार्मिक समिति



**अयोध्या ( चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की धार्मिक गतिविधियों को व्यवस्थित और परंपरानुसार संचालित करने के लिए गठित धार्मिक समिति के गठन से पहले 38 प्रमुख संतों और धर्माचार्यों के नामों पर व्यापक मंथन किया गया। कई दौर की चर्चा और विचार-विमर्श के बाद अंततः नौ संतों का चयन किया गया, जिन्हें समिति में स्थान दिया गया है। समिति में चयनित सदस्यों में राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरि, जगद्गुरु वासुदेवानंद सरस्वती, योग पुरुष परमानंद, जगदगुरु विश्वप्रसन्न तीर्थ, महंत कमलनयन दास, अधिकारी राजकुमार दास, महंत मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत डॉ. रामानंद दास तथा महंत दिनेंद्र दास शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार समिति के गठन को लेकर विभिन्न अखाड़ों, पीठों और धार्मिक परंपराओं से जुड़े संतों के नामों पर विस्तार से चर्चा हुई थी। उद्देश्य ऐसी समिति का गठन करना था, जो राम मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, उत्सवों, परंपराओं और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन में मार्गदर्शन प्रदान कर सके। धार्मिक समिति के गठन के साथ अब मंदिर में आयोजित होने वाले प्रमुख धार्मिक आयोजनों, पर्व-उत्सवों, विशेष पूजन, वैदिक अनुष्ठानों और परंपराओं के निर्धारण में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ट्रस्ट का मानना है कि विभिन्न संप्रदायों के अनुभवी संतों की भागीदारी से राम मंदिर की धार्मिक गरिमा और परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## टीईडीएक्स से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं सदस्य

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के मार्गदर्शन के लिए नौ सदस्यीय धार्मिक समिति का गठन किया है। समिति के नौ सदस्यों में परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इनमें टीईडीएक्स पर व्याख्यान देने वाले संत, सोशल मीडिया और लिंक्डइन पर सक्रिय धर्माचार्य, वेदों के विद्वान, योग गुरु, गुरुकुल संचालक तथा राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े प्रमुख संत शामिल हैं। गोविंद देव गिरि गुरुकुल और वैदिक विद्यालय का संचालन करते हैं। हनुमत निवास मंदिर के महंत आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण संस्कृत के विद्वान हैं। वह टीईडीएक्स यूथ जैसे मंचों पर व्याख्यान भी दे चुके हैं।**

TATA MOTORS
COMMERCIAL VEHICLES
Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# युवक पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**मंडावर ( चिंगारी )।** शकील अहमद निवासी मौ. मिर्दगान मंडावर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम उनका पुत्र मौ. जैद समान लेने बाजार जा रहा था। जैसे वह सिकंदर की दुकान पर पहुंचा तो वहां मौजूद मौ. शाहजहां जैद से गाली-गलौज करने लगा, जिसका विरोध किया तो सुहैल पुत्र अबरार उर्फ बारु व दो अज्ञात लड़कों ने जैद को पकड़ लिया और शाहजहां ने उसके सर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जैद का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि युवक का मेडिकल कराया गया है, उसके पिता की ओर से तहरीर मिल गयी है, कड़ी कार्यवाही होगी।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र वासु शर्मा उम्र 22 वर्ष हाल निवासी महदूद सिड्कुल हरिद्वार, उत्तराखण्ड में पिछले लगभग एक वर्ष से रह रहा है, जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-विरेंद्र सिंह पुत्र स्व. छोटे लाल निवासी रूपपुर शाहपुर हर्रा, थाना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## स्टार्टअप की महान उपलब्धि

स्टार्टअप द्वारा हाल ही में अंतरिक्ष की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक तीन उपग्रह स्थापित करने वाले विक्रम-1 राकेट की सफलता भारत की महान उपलब्धि है। इससे भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र का विकास और उसे सफल बनाने वाला तीसरा देश बन गया है। यह भारतीय निजी क्षेत्र तथा स्टार्टअप की भी महान उपलब्धि है कि अब वह न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतियोगिता योग्य बन रहा है, बल्कि भारत को वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में अपना योगदान देने के लिए तैयार है। वर्ष 2024 में नई अंतरिक्ष नीति लागू होने के बाद स्थापित स्टार्टअप स्काईरूट को पहले प्रयास में ही यह सफलता मिली है और अब उसने घोषणा की है कि वह अगले ही साल भारी उपग्रह प्रक्षेपित करने में सक्षम विक्रम-2 छोड़ेगी। इस सफलता के पीछे दो इसरो वैज्ञानिकों- पवन चंदाना तथा नागा भरत का विशेष योगदान है, जिन्होंने 2023 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की सुरक्षित नौकरी छोड़ कर इस स्टार्टअप में अपना योगदान देने का निर्णय किया था। हालांकि, शुरुआत में इस स्टार्टअप को 'कोरोना वायरस महामारी' के कारण हुए लॉकडाउन के चलते भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, पर वैज्ञानिकों ने हिम्मत नहीं हारी। 2024 में भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप के लिए एफडीआई का रास्ता खोलने के साथ ही देश के इस पहले स्टार्टअप के साथ पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम को उल्लेखनीय रूप से विदेशी निवेश मिल रहा है।

इस प्रकार भारतीय प्रतिभा का वैश्विक स्तर पर कद और बढ़ रहा है। भारत में अब स्काईरूट समेत चार बड़े स्टार्टअप काम कर रहे हैं जो यूनीकार्न बन चुके हैं। इसके साथ ही अनेक भारतीय प्रतिभाशाली वैज्ञानिक और इंजीनियर अंतरिक्ष क्षेत्र के निजी स्टार्टअप की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि को 'अनगिनत युवाओं को बड़े सपने देखने और नवाचार करने को प्रेरित करने वाला' बताया है। हाल ही में इसरो से अनेक वैज्ञानिकों के स्टार्टअप में जाने की प्रवृत्ति मीडिया की सुर्खियों में आई है और सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के इसरो जैसे संस्थानों से वैज्ञानिकों के इस्तीफे देने के नियम कठोर बनाने की दिशा में भी कदम उठाए हैं, लेकिन इसे इसरो के 'क्षरण' के बजाय उसकी प्रतिभा विस्तार के रूप में देखा जाना चाहिए।

# भगवान शिव को अतिप्रिय श्रावण मास

## श्रावण में शिवजी का दर्शन-पूजन कर रखें व्रत, मिलेगी सुख-समृद्धि, खुशहाली

**श्रावण मास : 30 जुलाई, गुरुवार से 28 अगस्त, शुक्रवार तक**



भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में भगवान शिवजी की महिमा अनन्त है। इनके शिवालय सर्वत्र प्रतिष्ठित हैं, जिनके दर्शनमात्र से अलौकिक शान्ति मिलती है। सर्वप्रिय मनभावन श्रावण मास का शुभारम्भ आज, 30 जुलाई, गुरुवार एवं श्रवण नक्षत्र में हो गया है। यह माह भगवान शिवजी को समर्पित है। प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि धर्मशास्त्रों के अनुसार तैंतीस कोटि देवी-देवताओं में भगवान शिवजी ही देवाधिदेव महादेव की उपमा से अलंकृत हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश- त्रिमूर्ति में शिव सम्पूर्ण सृष्टि के पालनहार एवं मृत्यु हरने वाले देवता माने गए हैं। जिनके दर्शन, पूजन, अर्चना एवं व्रत से जीवन में अभीष्ट की प्राप्ति के साथ सर्वसंकटों का निवारण भी होता है। भगवान शिवजी की अर्चना के लिए श्रावण मास अतिविशिष्ट माना गया है। शिवजी की महिमा में श्रावण मास के सभी सोमवार तथा त्रयोदशी एवं चतुर्दशी तिथि के दिन व्रत-उपवास रखकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। श्रावण मास में भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक करके समस्त सुखों की प्राप्ति की जा सकती है। शिव पूजा से भक्तों के समस्त कष्ट एवं अकाल मृत्यु के भय का निवारण होता है। श्रावण मास में कांवड़ चढ़ाने की परम्परा है। शिवभक्त सैकड़ों किमी. यात्रा करके भगवान शिवजी का अभिषेक करते हैं।

### भगवान शिवजी ऐसे होंगे प्रसन्न

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि भक्तों को शिवकृपा प्राप्त करने के लिए प्रात:काल ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान, ध्यान से निवृत्त होने के पश्चात व्रत का संकल्प लेना चाहिए। सायंकाल प्रदोष काल में भगवान शिवजी की पंचोपचार, दशोपचार या षोडशोपचार पूजा करनी चाहिए। भगवान शिवजी को प्रिय धतूरा, बेलपत्र, मदार की माला, भांग, ऋतुफल, दूध, दही, चीनी, मिश्री, मिष्ठान्न आदि अर्पित करना चाहिए। भगवान शिवजी की महिमा, यश व गुणगान में शिव मन्त्र, शिव स्तोत्र, शिव चालीसा, शिव सहस्रनाम एवं शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। शिवपुराण में वर्णित मन्त्र का जप भी विशेष फलदायी माना गया है। 'ॐ नम: शिवाय शुभं शुभं कुरु कुरु शिवाय नम: ॐ' या 'ॐ नम: शिवाय' का जप अधिकतम संख्या में करना चाहिए। श्रावण मास में शिवजी की विशेष कृपा पाने के लिए नित्य प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि विधानपूर्वक उनकी पूजा करनी चाहिए।

**श्रावण मास में चार सोमवार**- प्रथम-3 अगस्त, द्वितीय-10 अगस्त, तृतीय-17 अगस्त एवं चतुर्थ-24 अगस्त।

**श्रावण मास में प्रमुख पर्व**- नाग पंचमी-17 अगस्त, सोमवार को तथा रक्षाबन्धन-28 अगस्त, शुक्रवार को।

श्रावण मास में शिवजी की प्रसन्नता के लिए किए जाने वाला व्रत- प्रदोष व्रत-10 अगस्त सोमवार, 25 अगस्त मंगलवार। मास शिवरात्रि-11 अगस्त मंगलवार को पड़ रही है, इस दिन श्रद्धालु शिवभक्त शिवजी का दर्शन-पूजन करके लाभान्वित होंगे। हरियाली अमावस्या-12 अगस्त, बुधवार तथा हरियाली तीज-15 अगस्त, शनिवार को पड़ेंगे।

**श्रावण मास में होगी विशिष्ट कामनाओं की पूर्ति**- ज्योतिषविद् श्री विमल जैन के अनुसार भगवान शिवजी विशिष्ट कामनाओं को शीघ्र पूर्ति करते हैं।

शिवभक्ति की कामना के लिए गंगाजल से अभिषेक।

आरोग्य सुख एवं व्याधियों की निवृत्ति के लिए श्रीमहामृत्युंजय मन्त्र का जप।

आर्थिक समृद्धि के लिए, दारिद्रयदहन शिवस्तोत्र के पाठ के साथ ही शिवजी का गन्ने के रस से अभिषेक।

कुंवारी कन्याओं को उत्तम वर की प्राप्ति के लिए श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार का व्रत।

सन्तान सुख के लिए शिवजी का दूध से अभिषेक।

सोमवार, प्रदोष एवं शिव चतुर्दशी व्रत रखना विशेष फलदायी रहता है।

### कालसर्प दोष का भी होता है निवारण

जिन जातकों की कुण्डली में कालसर्प योग हो, उन्हें नाग पंचमी-17 अगस्त, सोमवार के दिन कालसर्प दोष का निवारण विधि-विधानपूर्वक करना चाहिए। शिवजी की पूजा करके नाग-नागिन का जोड़ा शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। जन्मकुण्डली के मुताबिक जिन्हें ग्रह विशेष की महादशा, अन्तरदशा और प्रत्यन्तर दशा का उत्तम फल प्राप्त न हो रहा हो या जिन्हें शनिग्रह की साढ़ेसाती या अढ़ैया हो, उन्हें श्रावण मास में विधि विधानपूर्वक व्रत उपवास रखकर भगवान शिवजी की पूजा करके उनकी कृपा प्राप्त करनी चाहिए।

### काशी में करें द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन, पाएं शिवजी की विशेष कृपा

काशी में स्थापित है द्वादश ज्योतिर्लिंग के विग्रह—1-सोमनाथ (मानमन्दिर), 2-मल्लिकार्जुन (सिगरा), 3-महाकालेश्वर (दारानगर), 4-केदारनाथ (केदारघाट), 5-भीमशंकर (नेपाली खपड़ा), 6-विश्वेश्वर (विश्वनाथ गली), 7-त्र्यम्बकेश्वर (हौजकटोरा, बांसफाटक), 8-वैद्यनाथ (बैजनत्था), 9-नागेश्वर (पठानी टोला), 10-रामेश्वरम् (रामकुण्ड), 11-घुश्मेश्वर (कमच्छा), 12-ओंकारेश्वर (छित्तनपुरा) में स्थित है।



**-ज्योतिषर्विद श्री विमल जैन**
**मो. : 09335414722**

## मौसम हो गया खुशगवार, पेश हैं चन्द अशआर

दूर तक छाए थे बादल और कहीं साया न था
इस तरह बरसात का मौसम कभी आया न था।
**- कतील शिफाई**

घटा देखकर खुश हुई लड़कियां
छतों पर खिले फूल बरसात के।
**-मुनीर नियाजी**

दूर तक फैला हुआ पानी ही पानी हर तरफ
अब के बादल ने बहुत की मेहरबानी हर तरफ।
**-शबाब ललित**

और बाजार से क्या ले जाऊं
पहली बारिश का मजा ले जाऊं।
**- मोहम्मद अल्वी**

हम से पूछो मिजाज बारिश का
हम जो कच्चे मकान वाले हैं।
**-अशफाक अंजुम**

मैं वो सहरा जिसे पानी की हवस ले डूबी
तू वो बादल जो कभी टूट के बरसा ही नहीं।
**- सुल्तान अख्तर**

तमाम रात नहाया था शहर बारिश में
वो रंग उतर ही गए जो उतरने वाले थे।
**-जमाल एहसानी**

टूट पड़ती थीं घटाएं जिनकी आंखें देखकर
वो मेरी बरसात में तरसे हैं पानी के लिए।
**- सज्जाद बाकर रिजवी**

दफ्तर से मिल नहीं रही छुट्टी वगर्ना मैं
बारिश की एक बूंद न बे-कार जाने दूं।
**- अजहर फराग**

साथ बारिश में लिए फिरते हो उसको अंजुम
तुमने इस शहर में क्या आग लगानी है कोई।
**-अंजुम सलीमी**

आने वाली बरखा देखें क्या दिखलाए आंखों कोये
बरखा बरसाते दिन तो बिन प्रीतम बे-कार गए।
**-हबीब जालिब**

वो अब क्या खाक आए हाए किस्मत में तरसना था मुझे
ऐ अब्र-ए-रहमत आज ही इतना बरसना था।
**- कैफी हैदराबादी**

अजब पुर-लुत्फ मंजर देखता रहता हूं बारिश में
बदन जलता है और मैं भीगता रहता हूं बारिश में
**-खालिद मोईन**

# बहन के प्रेमी को मारकर थाने पहुंचा भाई

## रामगंगा किनारे बरामद हुई लाश, बंधे हुए थे दोनों हाथ

### 10 वर्षो से चल रही प्रेम कहानी का अंत हत्या के बाद हुआ

**स्योहारा ( चिंगारी )।** 10 वर्षों से चल रही प्रेम कहानी का अंत इतना दर्दनाक हुआ कि जिसने सुना उसकी रूह कांप उठी। घर आए बहन के प्रेमी को भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या कर शव को रामगंगा किनारे फैंक दिया और थाने पहुंचकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर शव को बरामद किया।

बुधवार को तस्वीरन पत्नी शरीफ निवासी गांव चक महदूद सानी थाने पहुंची और अपने 32 वर्षीय पुत्र नफीस के लापता होने की बात बताते हुए कहा कि मंगलवार की सुबह उसका बेटा टहलने के लिए गया था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू की। सभी रिश्तदारों के घर व अन्य जगह तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने बुधवार की दोपहर को गुमशुदगी दर्ज की और जांच शुरू कर दी। बुधवार शाम उवैस पुत्र



अहमद हसन निवासी विरामपुर थाने पहुंचा और पुलिस से कहा कि नफीस की हत्या उसी ने की है। बता दें कि मृतक नफीस का उवैस की बहन से पिछले 10 वर्षों से प्रेमप्रसंग चल रहा था, जिसकी ख़बर उवैस को हुई तो उसने विरोध किया और 12 दिन पहले भी दोनों में इसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। मंगलवार को सुबह 6 बजे नफीस अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा तो उसके भाई ने उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी, जिसके बाद कुल्हाड़ी से उवैस ने उसकी हत्या कर शव को गाड़ी में डाल लिया। मुरादाबाद के थाना क्षेत्र कांठ में गांव मंजरा फजलाबाद के पास रामगंगा किनारे डाल दिया था। पुलिस जब शव बरामद करने पहुंची तो मृतक नफीस के दोनों हाथ रस्सी से पीछे की ओर बंधे हुए थे। पुलिस ने शव को पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष संजय तौमर ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज होने के बाद जांच की गयी तो हत्या की घटना का खुलासा हुआ, बहन से



प्रेमप्रसंग के चलते भाई ने हत्या कर दी। मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें तीन नामजद व अन्य अज्ञात हैं।

# 'मन की बात' में गूंजा बिजनौर का नाम



## टांडा माईदास स्थित विदुर हर्बल टी मैन्युफैक्क्रिंग पहुंचे राजा भारतेंद्र सिंह

**विदुर हर्बल टी की मांग बढ़ी**

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बिजनौर की 'विदुर प्रेरणा' हर्बल टी का उल्लेख होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे केवल चाय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इसी क्रम में पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु सिंह ने ग्राम टांडा माईदास विदुर हर्बल मैन्युफैक्क्रिंग यूनिट का दौरा किया। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा हर्बल उत्पादों की गुणवत्ता और स्थानीय महिलाओं के रोजगार सृजन की सराहना की। पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु सिंह ने हर्बल चाय तैयार करने वाले हर्बल टी स्वयं सहायता समूह लखीवाला की अध्यक्ष श्रीमती बबीता रानी और समूह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में इस पहल का उल्लेख होना पूरे बिजनौर और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है। इससे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान मिलने के साथ-साथ ग्रामीण उद्यमिता और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी नई ऊर्जा मिलेगी। अध्यक्ष श्रीमती बबीता ने बताया की विदुर हर्बल टी मैन्युफैक्क्रिंग अधिक जानकारी के लिए व ऑर्डर करने के लिए गूगल पर सर्च कर सकते हैं। बताया कि प्रधानमंत्री की सराहना के बाद विदुर हर्बल टी की मांग बढ़ रही है और भविष्य में इसे देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## गुरु अपने शिष्य को कुम्हार के समान सुसंस्कारित बनाता है: बीना राठी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर गुरु पूर्णिमा पर्व हवन में आहुतियां देकर तथा गुरु की महिमा का वर्णन करके किया गया। बीना राठी और डा. नीलम गुप्ता ने हवन कराया। बीना राठी ने गुरु को परमेश्वर से भी बड़ा बताया। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागूं पांव बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताए। परमपिता परमात्मा का पता गुण और धर्म की जानकारी देने वाले गुरु देव ही हैं। उन्होंने शांति कुंज हरिद्वार के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य श्री की चरण वंदना करते हुए बताया कि उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अपने-अपने गुरुजनों के वचनों, उपदेशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए। गुरुदेव की आज्ञा का पालन करना हर शिष्य का परम धर्म है। हवन के यजमान ओमकार त्यागी, किरन त्यागी तथा मोहित भटनागर, श्वेता भटनागर रहे। यज्ञ में हुकुम सिंह शास्त्री, डा. गोविन्दराम गुप्ता, अनिल मिश्रा, ज्ञानवीर सिंह, मंजू सिंह, ओमपाल सिंह, बिजेन्द्र राठी, रामपाल सिंह, प्रदीप सोती, विनय चौहान, नरेश वालिया, शौर्य, राजवर्धन भटनागर, गौरव भटनागर, कृष्णपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह, सुदेश सिंह, राम गुप्ता, मनोज, इंजीनियर चरन सिंह, अशोक शर्मा, प्रदीप भटनागर, गीता रानी, नर्मदा साहू, वीरवती, पूनम सिंह, राजीव गोयल समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं।



# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रांतीय कबड्डी व शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की सायं रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में तीन दिवसीय प्रांतीय 38वीं शतरंज व कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ।

सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। वन्दना प्रमुख आचार्य विनय कुमार शर्मा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नरेश कुमार गुप्ता, विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, विद्या भारती के खेल संयोजक पंकज गुप्ता, विद्यालय के अध्यक्ष ब्रजमोहन गुप्ता, विद्या भारती पश्चमी उत्तर प्रदेश के सह मन्त्री अक्षि अग्रवाल, सम्भाग निरीक्षक उपेंद्र कुमार आदि अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह,




मंचासीन अतिथि।

संरक्षक धर्म पाल सिंह महाशय, प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती एकता विश्नोई, डॉ. शिवान्शु सक्सेना, पीयूष अग्रवाल, खेल प्रभारी पंकज गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाते हुये खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विकास जैन (नगर संघ चालक) रविंद्र सिंह (पूर्व जिला संघ चालक) विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. प्रखर अग्रवाल, जैतरा विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य इंद्रवीर सिंह, शिशु मंदिर धामपुर के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, नगीना विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य महेश कुमार बस्ती प्रमुख महावीर सिंह विजयपाल सिंह सरदार राजेंद्र पाल सिंह राजस्थानी गांड मारने नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामजी पांडे ने किया। उप प्रधानाचार्य कावेंद्र सिंह ने सभी का आभार किया।

# पं. कैलाशचंद शर्मा का निधन

**धामपुर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहकर विद्यार्थियों का जीवन संवारने वाले तथा सामाजिक क्षेत्र में देवता रामलीला समिति के वरिष्ठ मंच निर्देशक व संरक्षक पंडित कैलाश चंद्र शर्मा का कल स्वर्गवास हो गया। वह 72 वर्ष के थे। सम्मान स्वरूप गांववासी उनको गुरुजी कहकर संबोधित करते थे।



पंडित कैलाश चंद शर्मा

देवता रामलीला समिति, मोरना के अध्यक्ष मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने बताया कि पंडित कैलाश चंद शर्मा के मार्गदर्शन, अनुशासन, स्नेह एवं समर्पण ने रामलीला की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत था और उनका अमूल्य योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# उत्साहपूर्वक मनाई गई महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा धामपुर के तत्वावधान में महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति के मोहल्ला बाड़वान स्थित निवास पर किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।





महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मानते प्रजापति।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ। हवन संपन्न होने के बाद महाराजा दक्ष प्रजापति की आरती की गई। इस अवसर पर ब्रजपाल प्रजापति और लोकेश प्रजापति को स्मृति चिह्न के रूप में महाराजा दक्ष प्रजापति का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके जीवन एवं आदर्शों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में महासभा के संस्थापक आरके आर्य एडवोकेट, अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति, अशोक कुमार, यश कुमार, शिवम, अनुराग प्रजापति, ऑडिटर डॉ. सतपाल प्रजापति, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सुनील कुमार पूर्व सभासद, रामचंद्र सिंह, कलुआ सिंह, सुधीर कुमार, सीटू, वीरेंद्र सिंह सहित रीता देवी, सुमन देवी, आशा देवी, अनीता, सोमवती देवी, पार्वती देवी, प्रियंका देवी, मुन्नी देवी, रवि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पुष्प निकेतन स्कूल में युवा संसद का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुष्प निकेतन स्कूल में 27 एवं 28 जुलाई को दो दिवसीय युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय कार्यप्रणाली तथा विधायी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। युवा संसद के प्रथम दिवस, राज्यसभा का सत्र आयोजित किया गया, जिसमें एनआरआईसी आईबीएस राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (पहचान और सीमा सुरक्षा) विधेयक, 2026 पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा हुई। विचार-विमर्श के उपरांत विधेयक राज्यसभा से पारित कर दिया गया। दूसरे दिन, 28 जुलाई को लोकसभा का सत्र आयोजित हुआ, जिसमें गंभीर चर्चा एवं बहस के पश्चात विधेयक को बहुमत से पारित कर दिया गया।

इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने कौशल, तार्किक चिंतन एवं संसदीय ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने उन्हें सौंपे गए विभिन्न संसदीय पोर्टफोलियो एवं दायित्वों का अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निर्वहन किया तथा पक्ष-विपक्ष के सदस्यों की भूमिका को पूर्ण गंभीरता एवं आत्मविश्वास के साथ निभाया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच एवं निर्णय लेने की योग्यता का विकास करते हैं। साथ ही वे उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री विभोर भारद्वाज का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। इसके अतिरिक्त वरुण देवरा, गरिष्ठ सिंह, जितेंद्र, हरमीत, पलाश विश्वास, भव्या कौशिक एवं शुभ अग्रवाल सहित अन्य शिक्षकों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नहटौर मार्ग पर गांगन नदी के निकट बनेगा धामपुर का ग्राम न्यायालय

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर क्षेत्र में ग्राम पंचायत मौजमपुर जैतरा के मौजा नंगला गूंगा परगना धामपुर में दुर्गा विहार कॉलोनी में किराए के भवन में संचालित ग्राम न्यायालय धामपुर के भवन को नहटौर मार्ग पर गांगन नदी के निकट स्थित ग्राम पंचायत कश्मीरी में बनाये जाने के लिए सरकारी भूमि चिन्हित की गई है। इसकी मंजूरी मिलते ही ग्राम न्यायालय का भवन यहां बनना प्रस्तावित है।

वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि तहसील धामपुर ने इस संबंध में पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत कश्मीरी अबू नासिरपुर के अंतर्गत मौजा रसूलपुर शेख परगना धामपुर में उपलब्ध सरकारी भूमि का चयन ग्राम न्यायालय धामपुर के भवन के लिए किया गया है और इस बारे में संबंधित अभिलेखों के साथ सूचना जिला प्रशासन बिजनौर को भेज दी गई है। उप जिला अधिकारी धामपुर नवीन कुमार ने चिंगारी को बताया कि भूमि चिन्हित करके रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी गई है।

उधर बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद सैनी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट का कहना है कि ग्राम न्यायालय का भवन धामपुर क्षेत्र से हटाकर नहटौर के निकट बनाए जाने पर अधिवक्ताओं के आने-जाने में काफी कठिनाई आयेगी और वादकारी जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# गुरु पूर्णिमा पर योगाचार्य अशोक गोयल को किया गया सम्मानित



गुरु पूर्णिमा पर्व पर योगाचार्य को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था के तत्वावधान में फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योगाचार्य अशोक गोयल उर्फ गौरू लाल, विजय प्रकाश वर्मा और श्रीमती राधा रानी को संस्था की ओर से पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ती शिक्षक मदनपाल सिंह राणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि हमारे प्रथम गुरु हमारे माता-पिता है जो हमें इस संसार में लाए हैं इसलिए हमें सर्वप्रथम उनका आदर और सम्मान करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें ऐसे गुरु बनाने चाहिए जो हमारा जीवन सार्थक कर सके। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल होंडा, पीयूष कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, सतीश चंद्र वर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेंद्र गर्ग सर्राफ, पुनीत गर्ग सर्राफ, श्रीमती रेणु रानी, अर्चना रानी, रविकांत शर्मा, सरदार गुरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मनोज कात्यायन ने किया।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल

## विकास खंडों में लगेंगे चिन्हांकन शिविर

**बिजनौर (चिंगारी)।** विद्यालय जाने वाली एवं शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 16 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की दिव्यांग छात्राओं को निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए जनपद के सभी संबंधित विकास खंडों में चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि विकासखंडवार चिन्हांकन शिविर प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अगस्त को किरतपुर, 4 अगस्त को नजीबाबाद, 5 अगस्त को स्योहारा, 6 अगस्त को हल्दौर, 7 अगस्त को अफजलगढ़, 11 अगस्त को अल्हैपुर, 12 अगस्त को नूरपुर, 13 अगस्त को कोतवाली, 14 अगस्त को जलीलपुर, 18 अगस्त को नहटौर तथा 19 अगस्त को मोहम्मदपुर देवमल विकासखंड मुख्यालय पर शिविर लगाए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदिका को आय एवं मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी (दिव्यांग प्रमाण-पत्र) की छायाप्रति, दो नवीन पासपोर्ट आकार के फोटो, मोबाइल नंबर तथा संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा जारी अध्ययनरत अथवा प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी ने जनपद की सभी पात्र दिव्यांग छात्राओं और उनके अभिभावकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित चिन्हांकन शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिकतम पात्र छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

# गुरूजनों को सम्मानित किया, उनका आशीर्वाद लिया



**शेरकोट (चिंगारी)।** बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र में कई स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों का माल्यार्पण और दक्षिणा देकर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम हादकपुर स्थित सिद्ध पीठ स्थल मां तारा देवी आश्रम (मंदिर) में पहुंचकर मां के दिव्य दर्शन किये और पूजा-अर्चना की। इसके बाद महाराज लाल भारती का माल्यार्पण एवं चरण स्पर्श किये और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं नगर के मोहल्ला समना सराय स्थित धर्मशाला में आयोजित किये गए कार्यक्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्र के गांव पालकी ऐमन में शीशम वाले बाबा के स्थान पर महाराज संतोषनाथ द्वारा भंडारे का आयोजन कराया, जबकि नगर में मां वैष्णो देवी के मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ, जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर चौहान, रणजीत सिंह दारा, अवनीश कुमार, अभिषेक कोहली, शिवकुमार चौहान, सुशील सैनी, राकेश चौहान, अतुल कुमार, राजेंद्र सिंह, पवन कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# दीक्षारम्भ समारोह : तीसरे दिन छात्राओं को खेलों के बारे में जानकारी दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन में नवप्रवेशित छात्राओं हेतु दीक्षारम्भ कार्यक्रम का तृतीय दिवस सकुशल संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात डॉ. मंजू चौधरी, प्रो. मंजू अरोड़ा, डॉ. ऋचा एवं कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. शिखा मालवीय का बैज लगाकर स्वागत किया गया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू अरोड़ा ने पी.पी.टी. द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के विषय में प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को परिचय दिया, जहां उन्होंने सर्वप्रथम शारीरिक विभाग की प्रवक्ताओं डॉ. सीमा चौधरी एवं कु. कल्पना का परिचय दिया। विभाग खो-खो, योग, वॉली बॉल, रस्सा-कसी, जूडो, मार्शल आर्ट, कबड्डी आदि खेलों के साथ अन्य खेलों को भी प्रमोट करता है। महाविद्यालय की छात्राएं प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय स्तर पर, मंडल स्तर पर, जिला स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता डॉ. सीमा चौधरी ने बताया कि खेलकूद मात्र शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# 15 तारीख से लापता है शिल्पी का पति


**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम मायापुरी निवासी शिल्पी ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उसका पति योगेश उर्फ मोंटी (49 वर्ष) 15 जुलाई की सुबह 10 बजे से गायब है। काफी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं लगा है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। महिला ने अपने पति के गायब होने के सम्बन्ध में कुछ जानकारी भी पुलिस को दी है, जिसकी जांच की जा रही है।

# बारिश के बावजूद मस्टर रोल पर 1076 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की

(मुकुल पाल)

**बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में मनरेगा कार्यों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि 28 जुलाई को जिले में लगातार बारिश होने के बावजूद 11 विकास खंडों की 95 ग्राम पंचायतों में मनरेगा (अब जी राम जी) योजना के तहत 206 मस्टर रोल पर कुल 1076 मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर दी गई।**

जानकारी के अनुसार किरतपुर ब्लॉक के ग्राम मेमन सादात में 16 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाए जाने का आरोप है। इसके अलावा जलीलपुर ब्लॉक के सुल्तानपुर खादर, बाजितपुर, सराय, मीरापुर खादर और जमालुद्दीनपुर, कोतवाली ब्लॉक के रामपुर दास, मुस्सेपुर, मीडोपुर, रोशनपुर प्रताप तथा धामपुर ब्लॉक के रामसिरा, सुहागपुर, आजमपुर जमनिमान और नवादा केशो सहित कई ग्राम पंचायतों में भी अनियमितताएं पाई गई हैं। यदि 1076 मजदूरों की एक दिन की मजदूरी 300 प्रति श्रमिक के हिसाब से जोड़ी जाए तो लगभग 3.23 लाख के भुगतान पर सवाल उठते हैं। पहले भी बरसात के दिनों में इस विभाग में अनियमितताएं पाई गई हैं, परंतु जांच करने के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है।





| Blocks | No. of Works | Muster rolls |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 |
| AFZALGARH | 12 | 21 |
| BUDHANPUR SEOHARA | 1 | 2 |
| Dhampur | 7 | 11 |
| HALDAUR(KHARI JHALU) | 2 | 8 |
| JALILPUR | 17 | 61 |
| KIRATPUR | 1 | 2 |
| Kotwali | 19 | 32 |
| MOHAMMEDPUR DEOMAL | 13 | 19 |
| NAJIBABAD | 1 | 1 |
| NEHTAUR | 8 | 13 |
| NOORPUR | 14 | 36 |
| Total | 95 | 206 |

## बरसात में कच्चा कार्य नहीं होगा

**मनरेगा /जी राम जी उपायुक्त आर.बी. यादव ने बताया कि सभी ब्लॉक विकास अधिकारी को सुबह ही सूचित कर दिया गया था कि कोई भी कच्चा कार्य नहीं होगा। बरसात के दौरान वृक्षारोपण जैसे कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की हाजिरी दर्ज की गई है उनकी जांच कराई जाएगी। यदि कार्य वास्तविक पाया गया तो ही भुगतान किया जाएगा, अन्यथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**

## सीडीओ ने कहा...

**वहीं मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि जिन 11 ग्राम पंचायतों में कार्य दर्शाया गया है, उनकी जांच कराई जाएगी। यदि कार्य सही पाया गया तो ही भुगतान होगा, अन्यथा भुगतान रोककर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।**

## भाजपा नेताओं ने गुरु पूर्णिमा पर संत-महात्माओं को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के मठ मंदिरों पर पहुंचकर पूजा अर्चना में लीन भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा के संवाहक संत-महात्माओं को सम्मानित किया। उनको वस्त्र, उपहार देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने ग्राम राजारामपुर तुलसी मुस्सेपुर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री श्री 1008 श्री राजा महाराज की समाधि स्थल एवं मां दुर्गा मन्दिर पर ग्राम वासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित भंडारे में भाग लिया। मंदिर पर उपस्थित महाराज विनोद दास व महाराज चेतनपुरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक महासचिव दुष्यंत कुमार ने भी महाराज जी को शॉल उड़ाकर एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया अरविंद विश्वकर्मा ने मोटा महादेव मंदिर पर पुजारी जी को सम्मानित किया इस अवसर पर दुष्यंत कुमार, नरपाल सिंह, हुकम सिंह राठी, सुखबीर सिंह, टीकम सिंह, नरेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, सत्यम कुमार, राजेंद्र सिंह, राजबाला देवी, सुनीता चौधरी, कमलेश देवी, गीता रानी, सविता राठी, सुरभि सिंह, अस्मित कुमार, सतपाल सिंह, पुष्पा देवी, उर्मिला देवी, आदि उपस्थित रहे।



## सीओ ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास शुरू होते ही प्रशासन के अधिकारी कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने में लग गए है। सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लेते हुए सभी व्यवस्थाओं को देखा। कांवड़ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को भी चेक कर दिशा निर्देश दिए। सीओ ने मोटा महादेव मंदिर परिसर में रुके कावड़ियों से कांवड़ मार्ग में की गई व्यवस्थाओं के विषय में बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना। कांवड़ियों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि कांवड़ मार्ग पर की गई सभी व्यवस्था बहुत अच्छी है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आ रही है। सीओ ने बताया कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी है। कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह पुलिस तैनात है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।



## आषाढ़ पूर्णिमा पर वर्षावास प्रवचन मालिका-2026 का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा), जिला शाखा-बिजनौर (उप्र पश्चिमांचल) एवं बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में नजीबाबाद स्थित बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ परिसर में वर्षावास प्रवचन मालिका-2026 का शुभारंभ भगवान बुद्ध की वंदना, त्रिशरण-पंचशील एवं धम्म देशना के साथ हुआ। कार्यक्रम में धम्म चर्चा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें भगवान बुद्ध के उपदेशों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बौद्ध एवं संचालन केंद्रीय शिक्षक एवं बौद्धाचार्य मामराज सिंह बौद्ध ने किया। इस अवसर पर गोविन्द सिंह बौद्ध ने कहा कि वर्षावास आत्मचिंतन, अनुशासन, करुणा व धम्म साधना का पर्व है। उन्होंने भगवान बुद्ध के धम्म को भाषा व संस्कृति के साथ जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बौद्धाचार्य एवं केंद्रीय शिक्षक मामराज सिंह बौद्ध ने बताया कि 29 जुलाई से 26 अक्टूबर 2026 तक वर्षावास प्रवचन मालिका के क्रमानुसार बुद्ध वंदना, त्रिशरण-पंचशील, धम्म देशना, धम्म चर्चा एवं विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, शाखा बिजनौर की महिला उपाध्यक्ष त्रष्ठा बौद्ध, रूपा बौद्ध, तिलक राम बौद्ध, वीर सिंह बौद्ध, नरेश कुमार बौद्ध, अंजुषा सिंह तथा मिथलेश सहित बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। तथा भगवान बुद्ध के धम्म का श्रवण कर समाज में शांति, करुणा, मैत्री और बंधुत्व की स्थापना का संकल्प लिया।

## नि:शुल्क कैम्प में 100 से अधिक मरीजों की हड्डी के कैल्शियम की जांच की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज स्थित डॉ. शाकिर खान के क्लीनिक पर एक दिवसीय नि:शुल्क हड्डी में कैल्शियम की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक मरीज़ों की हड्डियों के कैल्शियम की जांच की गयी। टॉरेंट फार्मा व मैक्स हैल्थ क्लीनिक के सौजन्य से लगाए गए कैंप मे अधिकांश मरीज़ों मे ओस्टोपिनिया व ओस्टोपोरोसिस की शिकायत पायी गयी, जिन्हें डॉ. शाकिर खान द्वारा सही आहार व दवा का परामर्श नि:शुल्क दिया गया। कैम्प मे मुख्य रूप से मिस्टर वसीम, अयान, इरम व उमरा का विशेष सहयोग रहा।

कैप्शन-कैम्प में मरीज को नि:शुल्क परामर्श देते डॉ. शाकिर खान।

## किसानों की समस्याओं के हल को तैयार रहने की अपील

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन भानु की एक मीटिंग ग्राम शहजादपुर में मौलाना खालिद मंसूरी के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें मौलाना खालिद मंसूरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष अचल शर्मा के नेतृत्व में मौलाना खालिद मंसूरी को जिला उपाध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया गया। मीटिंग में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को प्रचार करने व किसानों की समस्या के हल के लिए तैयार रहने की अपील की गई। इस मौके पर मुनव्वर अली नगर अध्यक्ष, अहसान पेंटर संगठन मंत्री, अरशद मलिक जिला महासचिव युवा, जमशेद मलिक, मानू प्रधान, मुफ्ती ओसामा, आजम मंसूरी, शाहनवाज, नानू, समीर, फारूक आदि मौजूद रहे।






## डॉ. कुसमलता विश्नोई का निधन

### समाजवादी पार्टी की नगर अध्यक्ष और 15 साल तक नगर पालिका सभासद भी रहीं

**नगीना (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी की पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ. कुसुम लता बिश्नोई का निधन हो गया। वह करीब 97 वर्ष की थी। उनके निधन का समाचार सुनते ही नगर में शोक के लहर दौड़ गई। नगर की प्रमुख समाजसेविका एवं हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉक्टर अंजू बिश्नोई ने बताया कि उनकी माता डॉक्टर कुसुम लता बिश्नोई 97 वर्ष ने उम्र की अधिकता के चलते पिछले कई दिनों से खाना पीना त्याग दिया था। मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार दोपहर बिश्नोई सराय स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर कुसुम लता बिश्नोई करीब 15 वर्षों तक नगर पालिका परिषद की सभासद रही। 25 वर्षों तक प्रेम पुस्तकालय में प्रबंधक का पद संभाला। उन्होंने बताया कि उन्होंने सरकारी अस्पताल नगीना में मेडिकल ऑफिसर के पद पर भी कार्य किया था तथा समाजवादी पार्टी में नगर अध्यक्ष के पद का भी कई वर्षों तक दायित्व संभाला था। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस, चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील, रोहिताश बिश्नोई, सचिन बिश्नोई, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, अनिल गुप्ता बंधु, डॉक्टर राकेश थापन, चौधरी दिग्विजय सिंह, राजकुमार बिश्नोई, मोहित गोयल, शरद गर्ग मुनमुन, हाजी रोशन आदि रहे।



### आज का विचार

## रिश्तो में हारना सीखिए, जीत आपकी होगी

-सत्यराज



निरंतर परिवर्तनशील और भौतिकता की ओर दौड़ते समाज में परिवारों की मूल भावना जैसे खत्म ही होती जा रही है। परिवारों का तेजी से छोटे से छोटे होते जाना, जहां रिश्तो की पहचान खा रहे हैं , वहीं इस प्रक्रिया से रिश्तों में अकेलापन और निरसता बढ़ रही है । मेरे विचार से माता-पिता और बच्चे, पति और पत्नी ,भाई और भाई- बहन जैसे मूल पारिवारिक रिश्तों में दूरी और टकराव बढ़ रहे हैं । हम गली मोहल्ले ,गांव बस्ती के लोगों में आपसी टकराव के किस्से तो बहुत रोचक तथ्य के साथ कहते सुनते हैं, लेकिन कभी अपने गिरेबान में नहीं झांकते। इसलिए नहीं कि हम अपने अवगुणों को नहीं देखना चाहते, बल्कि हमारे घर परिवार में जो रिश्तों में जो टकराव और स्वार्थ उत्पन्न हो चुका है, उसे हम देखना ही नहीं चाहते। इसमें अमीरी गरीबी भी कोई मायने नहीं रखती।

हमारे शहर में, शायद आपके शहर में भी अमीर लोगों के बंटवारे खामोशी के साथ घर की चार दिवारी में कम ही होते होंगे। ऐसे अनेक किस्से हैं जो अनेक बंटवारे सड़कों पर हिंसक शैली में होते रहे हैं ।

कारण यह ही है कि हम केवल जीतना चाहते हैं। जीतने के द्वंद में भूल जाते हैं कि हम जीत कर भी बहुत कुछ हार जाते हैं। पैसा जायदाद सब अधिक मात्रा में मिल सकती है, लेकिन आप अपने बुजुर्गों की साख को बीच बाजार नीलाम कर देते हैं। ऐसा ही विचार परिवार के रिश्तों में भी माना जा सकता है। कितने घरों में जब बंटवारे खामोशी के साथ हो जाते हैं ,बाहर किसी को कानों कान खबर भी नहीं होती। कभी अकेले में उसे घर के मुखिया अथवा बड़े भाई से पूछना कि उसने यह जीत पाने के लिए क्या-क्या हारा है। इसी तरह हार जीत हमारे घरेलू रिश्तो में भी मायने रखती है। बच्चों की जीत पूरी करने के लिए माता-पिता क्या-क्या हारते हैं, यह वही बता सकते हैं। हालांकि वह कभी बताते ही नहीं । पत्नी की इच्छाएं पूरी करने के लिए एक पति क्या-क्या हारता है, यह भी वही बता सकता है । बेटे - बेटी की शादी के लिए एक बाप अथवा छोटे भाई -बहन की शादी करने के लिए, बड़ा भाई क्या-क्या हारता है ,तब कहीं जाकर वह घर परिवार की मर्यादा बचा पाता है। जीवन भर कदम कदम पर आदमी हारता तो है, लेकिन अंतत: जीत उसी की होती है । हां जिनके लिए हम हारते हैं वो इस बात को उस समय समझते हैं, जब वह खुद जीवन यात्रा के दूसरे या तीसरे पड़ाव पर पहुंचने लगते हैं। यह अलग बात है कि उसे कालांतर में उनमें हारने की इतनी क्षमता बची भी होगी या नहीं।

# प्रबल हत्याकांड : दुखों और अभावों के बीच एक अकेली लड़की 14 साल तक करती रही संघर्ष

## भाई को इंसाफ दिलाने के लिए प्राची बन गई 'पहाड़'

मरगूब रहमानी

बिजनौर (चिंगारी)। कुछ कहानियां सिर्फ अदालतों की फाइलों में दर्ज नहीं होतीं, वे वक्त के सीने पर हमेशा के लिए लिख दी जाती हैं। प्रबल हत्याकांड भी ऐसी ही एक कहानी है। यह सिर्फ एक युवक की हत्या का मुकदमा नहीं, बल्कि 14 वर्षों तक हर रोज़ मरते और फिर जी उठते एक परिवार की दर्दनाक दास्तान है। यह उस मां की कहानी है जिसकी आंखें आखिरी सांस तक बेटे की राह देखती रहीं, उस पिता की कहानी है, जो न्याय की आस लिए दुनिया से विदा हो गए, और सबसे बढ़कर उस बहन की कहानी है जिसने अपने भाई के लिए पूरी दुनिया से अकेले लड़ने का साहस दिखाया।

यह कहानी बताती है कि जब रिश्ते सच्चे हों तो वक्त कितना भी लंबा क्यों न हो जाए, उम्मीद मरती नहीं। और जब एक बहन अपने भाई के लिए न्याय की ठान ले, तो रसूख, दौलत, धमकियां और लालच भी उसके कदम नहीं डिगा सकते। जिस रात शहर जश्न मना रहा था, उसी रात एक घर में हमेशा के लिए अंधेरा उतर आया था।

19 दिसंबर 2012, सर्दियों की वह कपकपाती रात आज भी बिजनौर के लोगों के जेहन में जिंदा है। शहर के शहनाई बैंक्वेट हॉल में महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य समारोह था। रोशनी, संगीत, हंसी, तालियां और बधाइयों के बीच किसी को अंदाजा भी नहीं था कि उसी रात एक मां अपने बेटे को आखिरी बार जाते हुए देख रही है।

मोहल्ला जाटान निवासी प्रबल भी कार्यक्रम में गया था। घर से निकलते वक्त किसी ने नहीं सोचा था कि यह उसकी आखिरी विदाई है।

रात बीत गई। समारोह में गया प्रबल घर नहीं लौटा। मां सुमन अग्रवाल बार-बार दरवाजे तक जातीं। हर आहट पर लगता 'शायद बेटा आ गया।'

पिता आलोक अग्रवाल हर थोड़ी देर बाद बाहर निकलते, सड़क पर दूर तक देखते और फिर भारी कदमों से लौट जाते।

बहन प्राची बार-बार मोबाइल मिलाती। हर बार एक ही उम्मीद़ शायद इस बार फोन उठ जाएगा। लेकिन हर बार सन्नाटा ही जवाब देता रहा। हर सुबह उम्मीद जगाती लेकिन हर रात इस उम्मीद को तोड़ जाती। अगले कई दिन सिर्फ प्रबल की तलाश में बीते। रिश्तेदारों को फोन किए गए। दोस्तों से पूछा गया। अस्पतालों में खोजा गया। पुलिस से गुहार लगाई गई। अब पूरा शहर एक ही सवाल पूछ रहा था, 'प्रबल कहां है?' लेकिन जवाब किसी के पास नहीं था। मां ने कई दिनों तक घर का दरवाजा खुला रखा। उन्हें यकीन था कि बेटा लौटेगा, दरवाजा खटखटाएगा और मुस्कुराकर कहेगा- 'मां मैं आ गया।' मगर वह दस्तक कभी नहीं आई।

### एक फोन, जिसने उम्मीद को हमेशा के लिए शोक में बदल दिया

15 जनवरी 2013 अचानक प्राची के मोबाइल पर प्रबल के नंबर से कॉल आई। स्क्रीन पर भाई का नाम चमका तो सूनी आंखों में एक पल को फिर उजाला लौट आया। दिल ने कहा—'भैया मिल गए' लेकिन अगले ही पल दूसरी ओर से किसी अनजान व्यक्ति की आवाज सुनाई दी। उसने बताया कि हस्तिनापुर गंगा क्षेत्र में एक शव मिला है और उसकी जेब से यह मोबाइल मिला है। इतना सुनना था कि घर में चीखें गूंज उठीं। दरअसल, एक लापता महिला की तलाश में पहुंचे लोगों को वहां प्रबल का शव मिला था। पुलिस के साथ परिवार मौके पर पहुंचा। कपड़ों और पैरों की उंगलियों से उसकी पहचान हुई। प्रबल की एक उंगली दूसरी पर चढ़ी रहती थी़ वही निशान उसके होने की आखिरी गवाही बन गया। जिस बेटे की राह में आंखें बिछी थीं, वह अब हमेशा के लिए लौट चुका था़ लेकिन निर्जीव। पूरा शहर रोया, इंसाफ की मांग सड़कों पर उतर आई।

प्रबल की मौत की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। बिजनौर स्तब्ध था। लोग



प्राची अग्रवाल

सड़कों पर उतर आए, प्रदर्शन हुए, कैंडल मार्च निकले, सड़कें जाम हुईं। हर जुबान पर बस एक ही मांग थी- 'हत्यारों को सजा दो।'

जांच शुरू हुई। बयान दर्ज हुए। सबूत जुटाए गए। इस बीच पुलिस पर रसूखदारों के दबाव में आने और कई लोगों को बचाने जैसे गंभीर आरोप भी लगे। आखिरकार सात लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ और मामला अदालत पहुंच गया।

### तारीखें बदलती रहीं : लेकिन बहन का संकल्प नहीं बदला

इसके बाद शुरू हुआ चौदह वर्षों का लंबा इंतजार। हर तारीख पर अदालत पहुंचना। हर बार वही उम्मीद लेकर लौटना कि शायद अब फैसला होगा। इसी बीच जिंदगी ने उससे सब कुछ छीन लिया। पहले मां चली गईं। वह अपने बेटे के हत्यारों को सजा मिलते नहीं देख सकीं। फिर पिता भी दुनिया छोड़ गए। उन्होंने भी अंतिम फैसला नहीं देखा। अब अदालत की सीढ़ियां चढ़ने वाला उस परिवार में सिर्फ एक चेहरा बचा था—प्राची अग्रवाल।

## न डरी, न झुकी न भारी भरकम लालच से डगमगाये क़दम

### एक अकेली बहन

जिसे कभी समझौते के प्रस्ताव मिले। कभी लालच दिया गया। कभी डराया गया। कभी धमकियां मिलीं। लेकिन उसने हर बार एक ही बात कही— 'मुझे सिर्फ अपने भाई के लिए न्याय चाहिए।' और वह पहाड़ की तरह अडिग खड़ी रही।

### 14 साल बाद अदालत ने कहा- अब न्याय होगा

**29 जुलाई 2026 आखिरकार वह दिन आ गया जिसका इंतजार एक परिवार ने चौदह वर्षों तक किया। अपर सत्र न्यायाधीश/द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने संजय गुप्ता एडवोकेट, विनय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, राहुल गुप्ता और आशीष उर्फ आशु को दोषी करार दिया। फैसला सुनते ही अदालत के आदेश पर सभी सातों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। सजा पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की गई है।**

### काश : मां-बाप आज जिंदा होते

फैसले के बाद प्राची की आंखों में वर्षों से थमे आंसू बह निकले। वह बोली— 'मेरे माता-पिता इस दिन का इंतजार करते-करते दुनिया छोड़ गए। अगर आज वे होते तो शायद सबसे ज्यादा खुश वही होते।' उसकी आंखों में खुशी भी थी़ और अपनों की कमी का अथाह दर्द भी। क्योंकि इंसाफ मिला जरूर, लेकिन वह उन दो चेहरों को लौटाकर नहीं ला सका जो हर तारीख पर बेटे के लिए दुआ करते रहे।

> अब 31 जुलाई का इंतजार है, जब अदालत दोषियों की सजा तय करेगी। शायद उस दिन अदालत के बाहर खड़ी प्राची आसमान की ओर देखकर बस इतना कहे— 'भैयाज़ अब तुम्हें इंसाफ मिल गया। मम्मी-पापा अब आप चैन से सो जाइए।' और शायद उस पल, चौदह साल से एक परिवार की आंखों में ठहरा हुआ दर्द पहली बार कुछ हल्का हो जाए।

### यह सिर्फ फ़ैसला नहीं : एक बहन की तपस्या का प्रतिफल है

प्रबल अब कभी वापस नहीं आएगा। मां की सूनी आंखें अब कभी नहीं खुलेंगी। पिता का इंतजार भी हमेशा के लिए थम चुका है। लेकिन एक बहन ने साबित कर दिया कि अगर इरादे सच्चे हों तो वक्त चाहे चौदह साल ले ले, न्याय का सूरज आखिर उगता जरूर है।

## 24 घंटे घर का दरवाजा खुला रखती थी प्रबल की मां

19 दिसम्बर 2012 को बिजनौर के शहनाई बैंक्वेट हॉल में महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जा रही थी। नगर के वैश्य समाज के अधिकतर परिवार कार्यक्रम में सम्मिलित थे। हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम मनाया जा रहा था। बैंकेट हॉल खचाखच भरा हुआ था। मोहल्ला जाटान निवासी आलोक अग्रवाल व सुमन अग्रवाल का इकलौता पुत्र प्रबल भी कार्यक्रम में मौजूद था। इस दौरान किसी बात को लेकर कुछ लोगों ने प्रबल को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। अधमरा होने पर कुछ लोग प्रबल को एक डॉक्टर के पास ले गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद एक बड़ी साजिश के तहत



चिंगारी

दरवाजा खुला रहने दो, कहीं प्रबल वापस न लौट जाये!

कौन समझेगा इस अभागी मां का दर्द

प्रबल का शव गंगा में फेंक दिया गया। प्रबल के हत्यारों तथा अन्य जानकारों ने अपने होंठ सिल लिये। प्रबल के परिवार को पूरी तरह अंधेरे में रखा गया। प्रबल का इंतजार करते-करते बूढ़े माता-पिता और बड़ी बहन प्राची की आंखें पथरा गईं। पुलिस ने पूछताछ तो बहुत की, लेकिन कोई सिरा उसके हाथ नहीं लगा। इस दौरान प्रबल की मां सुमन अग्रवाल की आंखें हर समय घर के दरवाजे पर लगी रहती थीं। उन्हें उम्मीद थी कि उनका बेटा जरूर लौटेगा। वह रात में भी घर का दरवाजा खुला छोड़ देती थीं। पिता आलोक अग्रवाल रामलीला मैदान के पास एक छोटी सी दुकान करते थे। उनका कपड़ों की सिलाई का सामान सप्लाई करने का छोटा सा काम था। उसी से परिवार की गुजर-बसर होती थी। प्रबल भी काम में पिता का हाथ बंटाता था। आलोक अग्रवाल हार्ट पेशेंट थे। प्रबल के लापता होने से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा था। बड़ी बहन प्राची अपने भाई के लिये दिन-रात रोती रहती थी। एक तरफ भाई के लापता होने का दुख उसे साल रहा था तो दूसरी ओर माता-पिता की हालत नहीं देखी जाती थी। 28 दिन बाद 15 जनवरी 2013 को हस्तिनापुर के खादर क्षेत्र में प्रबल की लाश मिलने की मनहूस खबर मिलने पर माता-पिता और बहन प्राची पर दुखों का पहाड़ा टूट पड़ा। मां सुमन अग्रवाल और पिता आलोक अग्रवाल तो सुधबुध ही हो चुके थे, लेकिन प्राची ने खुद को संभाला और अपने भाई के हत्यारों को सजा दिलाने की ठान ली थी।

# अग्रवाल भवन में किया गया नेत्र जांच शिविर का आयोजन, आप्रेशन के लिए 97 का चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा बुधवार को अग्रवाल भवन नूरपुर रोड बिजनौर में एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व की भाति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के योग्य चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें 97 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

कैंप का उद्घाटन सूर्यमणि रघुवंशी संपादक चिंगारी द्वारा किया गया। समाजसेवी शमीम मामा व शुभ रघुवंशी भी मौजूद रहे। रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा समय-समय पर फ्री आई कैंप निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आयोजन किया जाता है तथा नेत्रदान करने के लिए भी जनता को प्रेरित किया जाता है।

विकास अग्रवाल का मानना है कि दुनिया में बहुत लोग ऐसे हैं जिनको पृथ्वी के सुनहरे रंग देखने का अवसर नहीं मिलता है। उन्होंने यह बताया कि आंखें नि:शुल्क ली जाती हैं और नंबर आने पर नि:शुल्क लगाई जाती हैं । नेत्रदान मरके भी जिंदा रहने का वरदान है। उनका यह मानना है कि नेत्रदान ही महादान है। समाज में सब लोग आंखों को बचाने की सोचे तो शायद ही कोई नेत्रहीन रह पाएगा यानी सबको दुनिया में उजाला देखने को मिलेगा। नेत्रदान किसी भी उम्र के व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है । जरूरी नहीं है कि उसने पहले से ही संकल्प फॉर्म भर रखा हो नेत्रदान कोई भी कर सकता है।





### नेत्रदान की प्रक्रिया-

**- मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिए ।**
**- मृतक की आंखें बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए ।**
**- पंखा बंद कर दे ऐसी हो तो चलने दे ।**
**- सिर के नीचे तकिया रख दें ।**
**डायबिटीज, मोतियाबिंद , ब्लड प्रेशर आदि के मरीज भी आंखें दान कर सकते हैं। संकल्प फॉर्म भरने के लिए संपर्क करें- मो.-9837027465 ।**

### इनका सहयोग रहा

शिविर में वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ, विकास अग्रवाल सर्राफ, सीए रोहित विश्नोई, अमित चिकारा, वंशिका, वंश, गौरी, प्रांजल, पार्विका, आशा अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता, रुचि, राघव, डॉ. रूबी, अमित रस्तोगी, विपुल रस्तोगी, अश्वनी चित्रार्थ, पूनम, अंकित, पंकज अग्रवाल सर्राफ, मुकेश त्यागी, पी.के. त्यागी, संजीव गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा।

# गुरू पूर्णिमा पर दैवीय ऊर्जा से सराबोर हुआ विष्णुलोक



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अज्ञान के अंधकार को भेदकर ज्ञान की अमर ज्योति प्रज्वलित करने वाली महान भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का पावन पर्व 'गुरु पूर्णिमा' हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक संस्थान विष्णुलोक में पूर्ण वैदिक गरिमा, भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। युगपुरोहित पंडित सोमेश्वर दत्त शर्मा के द्वारा गूंजते वेद मंत्रों और ऋचाओं के अलौकिक स्वर के बीच महर्षि वेदव्यास जी एवं जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य जी का षोडशोपचार विधि से भव्य पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। पूजन के दौरान संपूर्ण विष्णुलोक एक अप्रतिम दैवीय ऊर्जा और असीम शांति से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष बाल्मीकि, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन शमशाद अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार संजीव शर्मा, नवीन गर्ग, नरेंद्र मारवाड़ी, सूर्यमणि रघुवंशी, सुनील भारद्वाज, डीसीपीएम पूनम रानी, एडवोकेट अजय अग्रवाल, रमेश चन्द माहेश्वरी, नीरज शर्मा, सुषमा शर्मा, सीमा वत्स, नीता अग्रवाल, वंदना त्यागी, विकल त्यागी, विकास पंकज, शिक्षाविद अर्चना चौधरी, वरिश चौधरी, श्रेया गौड़, स्कंधा शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा जी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का तिलक वंदन कर एवं उत्तरीय ओढ़ाकर सम्मान किया। समारोह के दौरान विष्णुलोक पधारे सभी साधकों एवं प्रबुद्ध जनों ने पूज्य ज्योतिषविद् पंडित ललित शर्मा की पावन स्मृतियों को नमन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पंडित ललित शर्मा द्वारा स्थापित की गई गुरु-पूजा की यह पवित्र परिपाटी आज भी उतनी ही जीवंत है। अंत में ज्योतिषविद सीमा शर्मा ने महर्षि वेदव्यास जी एवं आद्य गुरु शंकराचार्य जी की आरती कर समारोह का समापन किया।

# गुरू ही ज्ञान का प्रकाश : डॉ. अरविन्द शर्मा



डॉ. अरविंद शर्मा का अभिषेक करते हुए ठाकुर चन्द्रवीर सिंह गहलौत।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आचार्य राजाराम शास्त्री की स्मृति में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व उनके आवास ज्योतिष भवन पर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु भक्त एकत्रित हुए और गद्दी के वर्तमान पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. अरविंद शर्मा का तिलक कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और संगीत का आयोजन प्रेम सिंह द्वारा किया गया। इसके पश्चात डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही ज्ञान का प्रकाश है और उनके आशीर्वाद से ही जीवन सफल होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रवीर सिंह गहलौत, पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. वीरबल सिंह, ग्रामीण बैंक के पूर्व चेयरमैन अनिल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज, पीएनबी अधिकारी सुमन सिंह, पियूष कुमार सिंह, विवेक गुप्ता, राजेश कुमार नांगल जट सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर एमवीएम में 'गुरु वंदन' कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा एवं भारतीय संस्कृति की गरिमा के अनुसार गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पाण्डेय ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण कर उन्हें जीवन में सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शिक्षिका वैशाली ने गुरू महर्षि महेश योगी द्वारा प्रदत्त ध्यान परंपरा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उसके आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व को बताया। शिक्षिका लक्ष्मी ने भी गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गुरु पूर्णिमा पर सम्पूर्ण सृष्टि पर गुरु शक्ति का प्रभाव रहता है - संघर्षी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** 'श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव' में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए श्री सदगुरू महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समूची सृष्टि पर संत महात्माओं, ब्राह्मणों तथा गुरु शक्तियों का प्रभाव रहता है। इस दिन गुरू द्वारा दिया गया आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। श्री संघर्षी जी महाराज ने आगे कहा कि गुरु शिष्य की परम्परा ही आज तक सनातन धर्म को बचाये हुए हैं। मान्यता है कि अगर स्वयं नारायण भगवान जी भी पृथ्वी पर जन्म लें तो उन्हें भी गुरु शिष्य परम्परा को निभाये बिना पृथ्वी पर सम्मान नहीं मिलेगा। श्री महाराज जी ने कहा कि गुरु दीक्षा गुरु की उस परम् शक्ति का नाम है, जिससे अंकुरित होकर गुरु मंत्र ईश्वरीय शक्ति के दर्शन करवाता है। संतों की पहचान आवरण में नहीं, बल्कि आचरण से की जाती है। इस अवसर पर श्रीमती सुमन त्यागी, सुरेश कुमार आढ़ती, पंकज चौधरी, ब्राह्मण विकास सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, डा. विनोद कुमार शर्मा, संदीप शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ, रामलीला मैदान स्थित हनुमंत धाम मंदिर, शंकर मूर्ति स्थित मंदिर सहित अनेक स्थानो पर भंडारे का आयोजन किया गया।

# खेल जीवन का अभिन्न अंग- डा. मौसम भारती




**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेजलमून स्कूल में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों के आगमन पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना तथा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष डा. मौसम भारती चौहान ने 'स्वस्थ भारत समर्थ भारत' अभियान के अन्तर्गत छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता, धैर्य तथा टीम भावना का विकास होता है। प्रांत मंत्री ललित जी ने छात्रों को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए परीक्षा के उद्देश्य महत्व एवं इसमें भाग लेने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री चंचल ढाका, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सिंह, अमित देशवाल, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों के विद्यालय पहुंचने पर स्कूल की निर्देशिका श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने उनको बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया।

# गुलदार ने घर में घुसकर बकरी को मार डाला

**खासपुरा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में गुलदार ने एक घर में घुसकर बकरी को मार डाला। घटना से भयभीत लोगों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। बुधवार को देर रात नूरपुर ब्लॉक व थाना चांदपुर के ग्राम सदनपुर गुलदार रात लगभग दस बजे आ धमका। बकरी पालक इशरत अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। इस दौरान गुलदार चाहरदीवारी के भीतर घुसकर वहां मौजूद बकरी पर हमला करके उसे मार डाला। परिजनों के मुताबिक आहट होने पर पड़ोसियों ने गुलदार को घर के आंगन में देखकर शोर मचाया, तो गुलदार भाग गया। घटना से गांव सहित आसपास क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़ित इसरत फेरी का काम करता है। उधर रेंजर दुष्यंत मावी का कहना है की सदनपुर गांव में टीम भेजी गई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिरों के पुजारियों को सम्मानित किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी समरसता संकल्प अभियान कलश बंधन गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कल भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर श्री राम मंदिर, श्री हनुमान धाम, श्री देवा शंकर मंदिर, श्री प्राचीन मंदिर जाकर श्री प्रभु का दर्शन किया व पुजारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से ब्लॉक से अंकित चौधरी, श्रीमती रिचा चौधरी, मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, महामंत्री शिवम् सिंघल, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक सूरज वाल्मीकि, उपाध्यक्ष आकाश जैन, कैलाश पाल, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, मंत्री गौरव कुमार, जिला नगर निकाय प्रकोष्ठ संयोजक राकेश साहनी, जिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. बेगराज, जिला सहसंयोजक आईटी अनुज अग्रवाल, अशोक गुप्ता, भाजपा सभासद मयंक अग्रवाल, संजीव वर्मा, बबलू कुमार, रंजीत कुमार, विपुल कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गुरूजनों व संतों को सम्मानित



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर नगर व क्षेत्र में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर गुरुजनों व संतों को अंगवस्त्र देकर व माला पहनाकर उनका सम्मान किया। गुरुजनों व संतों ने कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम रोनिया स्थित हनुमान मंदिर में हरपाल गिरि, रामवतार गिरि, नगर के चंद्रलोक कॉलोनी में स्थित मंदिर में जाकर पं. रविंद्र संघर्षी, नेहरू चौक स्थित भूमिया देवी मंदिर में पंडित सुनील शर्मा तथा रामलीला मैदान स्थित हनुमंत नाम मंदिर जाकर पं. बृजेश कुमार गुरुजी का सम्मान किया। कार्यक्रम में चौ. सुधींद्र सिंह, श्रीमती सुमन त्यागी, विकास गुप्ता रॉकी, जितेंद्र शर्मा, रजनीश चौहान, बाबूराम जोशी, गोविंद गिरि, हर्ष जावा, जगदीश गिरि, प्रतीक कौशिक, अमित गुप्ता, देवेंद्र, निर्देश गुप्ता, विक्की जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सी.ए. चंचल चिकारा ने भण्डारे में श्रद्धालुओं की सेवा की



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के नियामतपुरा गंज आश्रम में एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें रालोद प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव सीए चंचल चिकारा की सहभागिता रही। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भोजन परोसा और गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। गुरु पूर्णिमा को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सेवा समर्पण और मानवता हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। आश्रम के संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने आयोजन समिति के प्रबंधन की सराहना करते हुए सभी श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

# नीव करौरी मन्दिर में मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व




**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कादराबाद क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर (पत्थरवाला) में स्थित बाबा नीव करौरी मंदिर में गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मन्दिर के महन्त मोहित त्यागी को अंग वस्त्र अर्पित कर गुरू के प्रति सम्मान और समर्पण भावना सहित गुरू महिमा पर अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर मन्दिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, वीरभान सिंह, अशोक धारीवाल, रजत कुमार, अमन धारीवाल, मंजू त्यागी, मोहित चौहान, विकास कुमार व रितिक आदि श्रद्धालु मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मॉडर्न एरा स्कूल की छात्रा गिनी ने क्लस्टर प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर की प्रतिभावान छात्रा गिनी सिंह ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा आयोजित क्लस्टर एक्सआईएक्स (19) 2026 खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करके विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में गिनी सिंह ने अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा, मेहनत और लगन का परिचय देते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही गिनी सिंह का चयन नेशनल (राष्ट्रीय स्तर) प्रतियोगिता के लिए हो गया है। विद्यालय के अन्य खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने विजेता छात्रा को बधाई देते हुए कहा हमें अपने छात्रों की इस गौरवांवित करने वाली उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है।

# ज़ाकिर, शाकिर, शहाबुद्दीन व आसिफ़ के खिलाफ़ संगीन धाराओं में केस दर्ज

## एसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने सीरवासुचंद के दो सगे भाइयों जाकिर व शाकिर, एक सरकारी कर्मचारी शहाबुद्दीन एवं आसिफ के विरुद्ध गाली गलौच, मारपीट व जातीय अपमान का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के हस्तक्षेप पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ग्राम सीरवासुचंद निवासी रामपाल सिंह के पुत्र दलबीर सिंह ने एसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि 26 मई को वह अपने खेत पर जा रहा था कि घात लगाए बैठे जाकिर हुसैन व शाकिर हुसैन पुत्रगण अमीर हुसैन, आसिफ पुत्र यूसुफ व शहाबुद्दीन पुत्र जहीर अहमद निवासीगण सीरवासुचंद ने उसे रोककर मारपीट की और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देते हुए पास में स्थित मुर्गे की दुकान से पाठल उठाकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसके बाद वह किसी तरह जान बचाकर निकला। दलबीर सिंह का आरोप है कि आरोपियों ने जाते समय भुगत लेने की धमकी भी दी है।

## सीओ करेंगे मुक़दमे की जांच

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने इस संबंध में चारों आरोपियों जाकिर हुसैन, शाकिर हुसैन, शहाबुद्दीन व आसिफ के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3), 131 व एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1a) के तहत मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच सीओ अफजलगढ़ द्वारा की जा रही है। मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# यह कैसा पब्लिक स्कूल, जहां कुछ भी नहीं बच्चों की शिक्षा के अनुकूल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** विकास खंड अफजलगढ़ के ग्राम केहरीपुर स्थित आदर्श शिक्षा सदन पब्लिक स्कूल में शिक्षा विभाग के मानकों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। विद्यालय की बदहाल स्थिति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र के अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी गंभीर खतरे में है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय को केवल कक्षा 8 तक की मान्यता प्राप्त है, लेकिन यहां कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो यह शिक्षा विभाग के नियमों का गंभीर उल्लंघन है और इसकी तत्काल जांच होनी चाहिए। विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है। कई कमरों की दीवारें और छतें क्षतिग्रस्त हैं। अधिकांश कक्षाओं में दरवाजे और खिड़कियां नहीं हैं, जिससे बरसात और तेज हवा के दौरान बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना रहता है। विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर विद्यालय का नाम अंकित करने वाला बोर्ड तक नहीं लगा है, जिससे संस्थान की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय का पूरा परिसर और अधिकतर कक्षाओं का फर्श कच्चा है। बरसात के दिनों में परिसर में



कीचड़ भर जाता है, जिससे बच्चों को विद्यालय आने-जाने और पढ़ाई करने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। विद्यालय में पर्याप्त फर्नीचर का भी अभाव है और कई बच्चों को असुविधाजनक परिस्थितियों में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में बिजली, पंखे, स्वच्छ पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद अभिभावकों से नियमित रूप से फीस वसूले जाने का आरोप है। अभिभावकों का कहना है कि फीस के अनुरूप बच्चों को न तो सुविधाएं मिल रही हैं और न ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि विद्यालय में निर्धारित मानकों के अनुरूप योग्य शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय वन क्षेत्र के समीप स्थित है, जहां जंगली जानवरों के आने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद विद्यालय में मुख्य सुरक्षा गेट और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि लंबे समय से विद्यालय में अनियमितताएं होने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।


# गुरु पूर्णिमा पर प्राचीन देवता मंदिर में हुआ भंडारा



**नूरपुर ( चिंगारी )।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को चांदपुर रोड स्थित प्राचीन देवता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। भोजन की व्यवस्था मंदिर परिसर के नजदीक भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक कार्यालय के परिसर में की गई। भंडारे में समाजवादी पार्टी की महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुन्तेश सैनी, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव, डॉ. यशपाल सिंह सैनी, भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, यशपाल यादव, समरपाल यादव, लोकेश कुमार, कल्याण सिंह, हरज्ञान सिंह, जैकी, ऋषिपाल सिंह, शीशपाल सिंह, अभय चौधरी आदि का सहयोग रहा।

# लोकेश कुमार सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष बने

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के ग्राम मुकीमपुर धरू निवासी लोकेश कुमार पुत्र



बलराम सिंह को उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद (पंजीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मल्होत्रा ने परिषद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस संबंध में उन्हें मनोनयन पत्र जारी करके उनसे परिषद संगठन को मजबूत बनाने तथा सस्ता गल्ला विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान तथा सदस्यों के हितों की रक्षा के लिये सक्रिय रूप से कार्य करने का आवाह्न किया गया है।

# संत रविदास मंदिर में घी के दीये जलाये

**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 गुरु पूर्णिमा के दिन से 20 फरवरी 2027 (संत रविदास जयंती) तक चलाए जाने वाले संत गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर (हकीकतपुर वीर चंद) ब्लॉक किरतपुर के संत रविदास मंदिर ने देसी घी के दीप प्रज्वलित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम निवासी राजेंद्र सिंह ने की और संचालन भाजपा किरतपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं



पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बिजनौर चौधरी अवनीश निर्वाल ने मंदिर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों को स्मरण कराया कि संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों के अनुरूप मनुष्य की पहचान जाति से नहीं, बल्कि उनके कर्म और गुणों से होती है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं अवनीश निर्वाल कुम्हैड़ा, जितेंद्र मलिक, तरुण, नितिन कुमार, सुनेश, निवासी गोपालपुर तथा ग्रामवासी विपिन कुमार, बंटी कुमार, रवि कुमार, अर्जुन कुमार, भीम सिंह, दिलावर सिंह, यादराम सिंह, निवासी गोपालपुर, विनोद कुमार मुबारकपुर खोशा, विकास कुमार, नीरज कुमार औरंगपुर नंदलाल आदि ने मंदिर पर दीप प्रज्वलित किये।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SALMAN से बदलकर MOHD. SALMAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे MOHD. SALMAN के नाम से ही जाना पहचाना जायें।

**- MOHD. SALMAN**
**S/o LAEEQUDDIN**
**Moh. Mirdagan, B-10, Bijnoer (u.p.)**

**सूचना**

मैंने अपना नाम **SAIDA** से बदलकर **SAEEDA** रख लिया है। अब मुझे **SAEEDA** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**- SAEEDA W/o VAHEED**
**Moh. Mirdagan, B-10,**
**Bijnor (U.P.)**

# भाजपाइयों ने गुरु रविदास जी को नमन किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के गांव बूढ़पुर में भाजपा द्वारा समरसता संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरू रविदास की 650 वीं जयन्ती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी ने गुरु रविदास मन्दिर में दीप प्रज्वलित कर उनको नमन किया। दिनेश चौधरी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुईयार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, मंडल मंत्री सतीश कुमार, ग्राम प्रधान बत्तू सिंह, हरिओम सिंह आदि उपरस्थित रहे।

# पेपर लीक ने छीना छात्रों का भविष्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नागीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने 28 जुलाई को लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशन्स (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल पर बोलते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने

## संसद में चंद्रशेखर आजाद का तीखा हमला

पेपर लीक, छात्रों की आत्महत्याओं और आंदोलनकारियों पर पुलिस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताया।

आजाद ने सबसे पहले उन 20 से अधिक छात्रों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने NEET पेपर लीक के कारण आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इन परिवारों को बुलाकर सांत्वना देनी चाहिए और उनका दर्द सुनना चाहिए। आज छात्र पूछ रहे हैं कि उनकी सफलता मेहनत से तय होगी या पेपर लीक गैंग से मेहनत का फल मीठा होता है, लेकिन पहले तय हो कि फल मिलेगा भी या नहीं, आजाद ने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र आधार, बायोमेट्रिक और कई स्तरों की जांच से गुजरते हैं, फिर भी प्रश्न-पत्र सुरक्षित नहीं रह पाते। पिछले वर्षों में NEET, UGC-NET, CUET, UP पुलिस कांस्टेबल, UPPCS और PTET जैसे कई परीक्षाओं में लीक हुए। तकनीकी गड़बड़ियां, परीक्षा रद्द होना और नॉर्मलाइजेशन की गोपनीय प्रक्रिया ने लाखों युवाओं का भविष्य



बर्बाद किया। आजाद ने मांग की कि नॉर्मलाइजेशन का पूरा फॉर्मूला पारदर्शी होना चाहिए। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा, आंदोलन पर लाठीचार्ज की निंदा। 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि लाठीचार्ज और टीयर गैस के गोले दागे गए। बच्चे पानी मांग रहे थे, लेकिन उन्हें लाठियां और धुआं मिला। मुझे सरदार भगत सिंह की भूख हड़ताल याद आ गई। सरकार अपने छात्रों से नहीं, आतंकवादियों से लड़ रही थी। बिहार में AK-47 और बिजली के झटके तक इस्तेमाल किए गए।

# पौधे लगाना ही काफी नहीं, उनका संरक्षण करना भी जरूरी : दिगंबर सिंह

## 300 पीपल-बरगद के पौधे किए वितरित, किसानों को कीट प्रबंधन व मिट्टी संरक्षण का दिया प्रशिक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा तहसील नजीबाबाद स्थित डबकरा हॉल में आयोजित हरियाली से खुशहाली कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को पीपल एवं बरगद के 300 पौधे वितरित किए गए। किसान नेता दिगंबर सिंह ने बताया कि यह अभियान 21 जुलाई से प्रारंभ हुआ है, जिसकी शुरुआत बिजनौर में मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने की थी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पीपल एवं एक बरगद का पौधा रोपित कर उसका संरक्षण करना तथा वेबसाइट के माध्यम से उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग करना है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक डॉ. जगमोहन पोखरियाल, डॉ. जयपाल सिंह शर्मा, सहायक पादप संरक्षण निदेशक डॉ. कृष्ण नेगी तथा डॉ. दिव्या भट्ट जोशी ने किसानों को समेकित कीट प्रबंधन, मिट्टी संरक्षण, फसल चक्र अपनाने, नकली कृषि रसायनों से बचाव तथा उर्वरकों एवं कीटनाशकों के संतुलित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही



उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा तभी शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण फसल का उत्पादन होगा। डॉ. जगमोहन पोखरियाल ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण एवं किसान जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किसान संगठन का वास्तविक दायित्व किसानों को वैज्ञानिक खेती, कीट प्रबंधन, मिट्टी संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए प्रेरित करना है। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि अब तक किसान संगठनों को केवल अधिकारियों से संघर्ष करते हुए देखा जाता था, लेकिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किसानों को जागरूक करने और प्रशासन को सकारात्मक दिशा दिखाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में नजीबाबाद प्रशासन की ओर से पुलिस क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम एवं तहसीलदार भी उपस्थित रहे। आयोजन नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह तथा किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, चौधरी बलराम सिंह, सरदार इकबाल सिंह, सुखजिंदर सिंह उर्फ गोल्डी, भोपाल सिंह राठी, गजेंद्र सिंह, देव आनंद विहार, गुलाब सिंह प्रजापति, मोहम्मद आसिफ, हाजी हनीफ, शेर सिंह चौहान, राजवीर सिंह, राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एम. जी. एम. पी. मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर में बालक बालिका शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस शतरंज प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य मोहम्मद हारुन और उप प्रधानाचार्य निजामुलहक ने किया। प्रतियोगिता में 17 वर्ष के बालक वर्ग में आरसीएस इंटर कॉलेज साहनपुर की रितिक और स्पर्श ने अपनी विजय पताका फहराई है। वहां 19 वर्ष के बालक वर्ग में एम. एम. जी. एम. पी. मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर के मोहम्मद जैद खान, राजन और शहज़ेब ने जीत दर्ज कर अपन स्कूल का नाम रोशन किया, जबकि 19 वर्ष की बालिका वर्ग में एम. जी. एम. पी. एम. इंटर कॉलेज किरतपुर की छात्राओं सुमैया, कशफनूर, अरहमा अदीबा ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में खेल प्रभारी युनुस हुसैन और जैनेंद्र तोमर हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर, अरुण राजपूत आर. सी. एस. इंटर कॉलेज साहनपुर रहे। प्रतियोगिता के संचालन में अजहर महमूद, जावेद हुसैन, कपिल चौहान, मोहम्मद आलम, नावेद अहमद, ऑस्कर आलम, महफूज अहमद खान ने सहयोग प्रदान किया है।

## भागवत कथा के प्रसारण से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम चमरौला में आज दोपहर से प्रोजेक्टर पर भागवत कथा की शुरुआत हुई, जिसे भगवत महायज्ञ का नाम दिया गया है। कथा शुरू होने से पूर्व गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कलश यात्रा निकाली गयी। सर्वप्रथम ग्राम देवता स्थल पर यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान सुनील कुमार और उनकी पत्नी अनीता देवी रहे। यज्ञ गोर्वधन (मथुरा) से आये पंडितों ने सम्पन्न कराया। उसके उपरांत वहीं से डीजे के साथ कलश यात्रा की शुरुआत की गयी, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए कथास्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। दोपहर लगभग 12 बजे से भागवत कथा की शुरुआत हुई। कथा प्रोजेक्टर पर चल रही है, जिसके लिये गोर्वधन से ही विशेष वाहन आया है। वाहन के अंदर ही श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। इस वाहन में लगभग 200 श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। प्रोजेक्टर पर चल रही भागवत कथा प्रसिद्ध कथावाचक जुगलकिशोर महाराज (गोवर्धन) की मधुर एवं ओजस्वी वाणी में है। प्रोजेक्टर लगा वाहन भी उन्हीं के ट्रस्ट का है। कलश यात्रा में अनीता देवी, वीमा देवी, रूबी देवी, ज्योति देवी, अंतुल, सर्वेश, विर्देश सहित 80 महिलाओं ने कलश धारण किये हुए थे। हेमेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, बिजेन्द्र सिंह, मांगेराम सिंह सहित कई ग्रामीणों का सहयोग रहा।



चमरौला गांव में कलश यात्रा निकालतीं महिलायें।



## डॉ. शाश्वत वर्मा बने प्रेस क्लब के सह संरक्षक

**स्योहारा ( चिंगारी )।** वर्मा मैटरनिटी नर्सिंग होम पर स्योहारा प्रेस क्लब की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक डॉ. मनोज वर्मा ने की, जबकि संचालन अरशद चौधरी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से डॉ. शाश्वत वर्मा को स्योहारा प्रेस क्लब का सह संरक्षक मनोनीत किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन से क्लब को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। बैठक में धर्मेंद्र भुईयार, रियाजुल हक, आकाश तोमर, इकबाल अंसारी, फजल अंसारी, अश्वनी विश्नोई, अरशद चौधरी, राशिद पीटर गयूर चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रेस क्लब की एकजुटता बनाए रखते हुए पत्रकार हितों में कार्य करने का संकल्प लिया।

## अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में मनाया गया विश्व बाघ दिवस




विश्व बाघ दिवस मनाते वनाधिकारी, विद्यार्थी, शिक्षक एवं ग्रामीण।

### चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विश्व बाघ दिवस पर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के केहरीपुर जंगल स्थित क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेंजर अंकिता किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वनाधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों सहित खालसा मॉडर्न एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को रेंजर अंकिता किशोर द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकिता किशोर ने प्रोजेक्ट टाइगर के उद्देश्यों, बाघ एवं उनके प्राकृतिक आवास के संरक्षण, मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व तथा जैव विविधता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव, वन दरोगा फूल सिंह, रवि कुमार, बाकर रजा व मजरुल हसन, अन्य रेंज स्टाफ, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, इको विकास कमेटी के अध्यक्ष जसराज सिंह, ग्राम प्रधान के हरीपुर जंगल श्रीमति उर्मिला देवी, वाइल्ड लाइफ़ फोटोग्राफर धर्मेंद्र कुमार व अनेक क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# बवासीर है तो छिपाये नहीं, डॉक्टर के पास जायें

## आज बिजनौर, कल बास्टा में

**बिजनौर (चिंगारी)।** बरसात का मौसम है। इन दिनों लोग पकौड़े बड़े शोक से खाते हैं। पकौड़े अवश्य खायें, लेकिन उन्हें खाकर लम्बी तानकर सोना नहीं है, बल्कि 15-20 मिनट टहलना जरूरी है, नहीं तो पकौड़े खाकर आप कब्ज के शिकार हो सकते हैं, और कब्ज, बवासीर, फिशर, भगंदर व अन्य गुदा रोगों के लिये सबसे बड़ा कारक है।

यह कहना है गुड़गांव, नोएडा जैसे महानगरों में प्रैक्टिस करने वाले प्रतिष्ठित गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी का। डॉ. चौधरी प्रत्येक सप्ताह बृहस्पतिवार को बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर एवं प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) में मरीजों के उपचार के लिये आते हैं। डॉ. चौधरी ने बताया कि आज मेडिकल साइंस की तमाम सफलता के बावजूद कुछ लोग अब भी पुराने ढर्रे पर ही चल रहे हैं, जैसे कि गुदा रोगों को छिपाना या उन्हें बताने में शर्म व भय बना। जबकि गुदा रोग भी अन्य रोगों के समान सामान्य





रोग ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 50 वर्ष तक की 60 प्रतिशत आबादी इनसे प्रभावित हो जाती है। अत: इसको छिपाये बिल्कुल नहीं, और शर्म व भय को छोड़कर तुरंत ही इसका विशेषज्ञ से उपचार करायें। साथ ही ध्यान रखें कि इन रोगों को घरेलू उपयोग व नीम हकीमों के फेर में पड़कर ठीक नहीं किया जा सकता।

### रोग का पता चलते ही आयें

**डा. चौधरी के अनुसार यदि रोग के आरंभिक चरण में ही रोगी उनके पास आ जाता है तो मात्र 10 मिनट के ट्रीटमेंट तथा एक-दो बार के आने से रोगी पूर्णत: ठीक हो जाता है। उनके यहां अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा इलाज किया जाता है, जो कि बिल्कुल दर्द रहित, बिना आप्रेशन, बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ यह बीमारी रोगी को भविष्य में कभी नहीं होती है। अधिक जानकारी तथा किसी भी शंका के समाधान के लिये इन मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं, हमारी मेडिकल टीम तुरंत आपको उचित परामर्श देगी।**

**मो. 7302127966, 9411226422, 9871884104**

## गुरू पूर्णिम पर कान्हा कर्णवाल ने किया भंडारे का आयोजन



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** श्री महाकाली सेवादल के आयोजक कान्हा कर्णवाल द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्टेशन मंदिर के पास एक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्री कर्णवाल ने अपनी टीम के साथ काफी संख्या में लोगों को छोले चावल का भोजन वितरण किया। उन्होंने कहा इस तरह का भंडारे करने से मन को शांति मिलती है। गरीबों के लिए इस तरह के भंडारे होते रहने चाहिए। श्री महाकाली यात्रा संरक्षक शोभित मित्तल ने कहा कि कान्हा कर्णवाल अपने इस सुशील स्वभाव के कारण ही नजीबाबाद में सबसे अलग पहचान रखते हैं। इस मौके पर नमन गुप्ता, यात्रा संयोजक निखिल गुप्ता, युवा महासंयोजक राजीव गुप्ता, योगेश, राजीव राजपूत, इंदु राजपूत, गीता राय, अभिषेक त्यागी, मोनू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बुग्गी खींच रही घोड़ी मोड़ पर लड़खड़ा कर गिरी, लोगों ने बचाई जान

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के चौक बाजार में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने वहां मौजूद लोगों को कुछ पल के लिए चिंता में डाल दिया। त्रिमोहन पान भंडार के पास सड़क के मोड़ पर रोढ़ा, मलबा व मिट्टी से भरी भारी-भरकम बुग्गी खींच रही एक घोड़ी अचानक लड़खड़ा कर सड़क पर गिर पड़ी। घोड़ी के गिरते ही बुग्गी का पूरा भार उसी पर आ गया, जिससे वह उठ नहीं पा रही थी। घटना होते ही आसपास मौजूद दुकानदार, राहगीर व स्थानीय लोग बिना देर किए मदद के लिए दौड़ पड़े। सभी ने मिलकर बुग्गी को संभाला, उसका भार कम किया और काफी मशक्कत के बाद घोड़ी को सुरक्षित निकाला। घटना के दौरान त्रिमोहन पान भंडार के स्वामी ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए अपनी दुकान में रखा पानी का डिब्बा तुरंत उपलब्ध कराया, ताकि घायल व थकी हुई घोड़ी को पानी पिलाकर उसे राहत दी जा सके। घटना के दौरान कुछ देर के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई व यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों की सूझबूझ व एकजुटता के चलते स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। कुछ लोगों द्वारा अपने फायदे के चक्कर में पशुओं से क्षमता से अधिक भार खिंचवाकर पशुओं के साथ क्रूरता किये जाने पर चिंता जताई।

## 15 साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में दो मुलज़ीम दोषी करार, सजा पर फ़ैसला बाकी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में चर्चित प्रबल हत्याकांड के बाद आज जानलेवा हमले के एक 15 वर्ष पुराने मामले में एससी/एसटी कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। हालांकि सजा पर फैसला अभी सुनाया जाना शेष है। अभियोजन के अनुसार समीपवर्ती ग्राम बवनपुरा निवासी हरी सिंह 27 अगस्त को हल्दौर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गंज निवासी विकास अग्रवाल और सुनील अग्रवाल ने पैसों के लेन-देन के विवाद की रंजिश के चलते उन पर गोली चला दी। हमले में हरी सिंह के सीने में छर्रे लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित हरी सिंह ने मामले में लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और न्याय की उम्मीद नहीं छोड़ी। आज एससी/एसटी कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए हिरासत में लेने के आदेश दिए। मामले में सजा का ऐलान अभी होना बाकी है। पीड़ित पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल चौधरी ने मुकदमे की पैरवी की।

खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

## कांवड़ मार्ग से कुछ दूरी पर दिखाई दिया गुलदार

### वन विभाग ने पिंजरा किया तैयार

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव जटपुरा मार्ग पर नियामतपुर के जंगल में बुधवार को दोपहर कांवड़ मार्ग पर कुछ ही दूरी पर किसान के खेत में गुलदार दिखाई दिया। गुलदार को धान के खेत में घूमते हुए देखकर खेत मालिक मोहित गुप्ता ने गुलदार को अपने कैमरे में कैद कर लिया। जहां गुलदार दिखाई दिया उस खेत से लगभग 100 मीटर की दूरी पर मोटा महादेव बाईपास से होकर कांवड़िए निकल रहे हैं। कांवड़ मार्ग के आसपास गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीणों में भी दहशत है। गुलदार के होने की सूचना राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना को दी गई। जिसके बाद



धान के खेत में घूमता गुलदार।

वन विभाग के डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह, वन दरोगा योगेश कुमार आदि की टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास जंगलों में कांबिंग की लेकिन गुलदार नहीं दिखाई दिया। डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम के द्वारा दिन व रात्रि में गश्त की जा रही है। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया जाएगा।

# गुरुओं के बताये मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरुपूजा : स्वामी गोविंददास

## गीता आश्रम में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का महोत्सव



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** गीता आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। आश्रम में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत अखंड रामचरितमानस पाठ, गीता पाठ, गीता गायत्री यज्ञ, भजन कीर्तन, संतो के प्रवचन संपन्न हुए। मुख्य अतिथि नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक जी महाराज कहां कि गुरु आत्म साक्षात्कार का मार्ग दिखाता है, जो उसे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। स्वामी गोविंद दास महाराज ने कहा कि गुरु के दिए ज्ञान को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरु पूजा है। पानीपत की अनमोल शर्मा पार्टी द्वारा बहुत ही सुंदर धार्मिक झांकियां दिखाई गई। जिसमें भगवान शिव मां दुर्गा लक्ष्मी नारायण मां काली एवं हनुमान जी की झांकियां दर्शनीय थीं। कलाकारों द्वारा धार्मिक भजन प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी यमकेश्वर चतर सिंह चौहान, तहसीलदार वैभव जोशी, कानून गो आदि उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा के पर्व पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का शुभकामना संदेश भी आश्रम को प्राप्त हुआ। आश्रम के अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. भारती गुप्ता, सचिव मुनेश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल, कार्यक्रम संचालक भानु मित्र शर्मा, त्रिभुवन उपाध्याय, इंद्र प्रकाश अग्रवाल, रामकृष्ण पोखरियाल नरेंद्र गुप्ता हरि खरकिया, मुन्ना लाल त्रिवेदी केवल कृष्ण चोपड़ा, बी डी गुप्ता, राज नरेश शर्मा, विष्णु शर्मा, अश्विनी शर्मा, सारंग गुप्ता, रूपेश रस्तोगी, पंकज शर्मा, श्रीमती शशि गुप्ता, साधना चौहान, शिव कुमार चतुर्वेदी, मुकेश गर्ग,शरद गुप्ता, प्रेम प्रसाद, बिट्टू शर्मा, प्रमिला शाह, आदेश तोमर, जयेश झा, चेतन योगी, उपदेश कुमार, दीपक ग्रोवर, सुरेंद्र महाजन,आदि उपस्थित थे।



## रामस्वरूप आश्रम में आयोजित हुआ भण्डारा

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** शीशम झाड़ी मुनी की रेती स्थित श्री रामस्वरूप आश्रम में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आश्रम के महन्त श्री वेदव्रत महाराज द्वारा अपने ब्रह्मलीन गुरु रामस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज की फोटो की पूजा अर्चना की। सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके पश्चात हरिद्वार ऋषिकेश से आए संतों-महात्माओं का भंडारा किया गया तथा गंगा किनारे लोगों को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा चौधरी, अजीत सिंह, जगमाल सिंह, सुमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## वन्यजीव संरक्षण सिर्फ वन विभाग की नहीं जिम्मेदारी, होनी चाहिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागेदारी



### डीएमवी में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वसुंधरा संस्था की ओर से डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाघ संरक्षण और जैव विविधता के महत्व से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम में राजाजी टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने उत्तराखंड में बाघों की वर्तमान स्थिति, संरक्षण के प्रयासों और पर्यावरण संतुलन में उनकी अहम भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिव सहगल, राजाजी टाइगर रिजर्व के एसीएफ अजय लिंगवाल, वार्डन चित्राजंलि नेगी ने किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे जंगल के स्वास्थ्य का संकेतक इंडिकेटर है। जिस जंगल में बाघ सुरक्षित होते हैं, वहां वन, जल स्रोत, जैव विविधता और पूरा पारिस्थितिकी तंत्र भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में राजाजी और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व जैसे संरक्षित क्षेत्र बाघों के सुरक्षित आवास हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने बाघों के व्यवहार, उनके आवास, मानव-वन्यजीव संघर्ष और संरक्षण से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल और रोचक ढंग से उत्तर दिया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वन्यजीव संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही इसे सफल बनाया जा सकता है। वसुंधरा संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में आचार्य सोनिया राज से सहयोग किया।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## सीआरपीएफ से सेवानिवृत सहायक कमांडेन्ट संजय रावत राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद के ग्राम सतपाली, पट्टी रिंगवाड़स्यू निवासी एवं सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट संजय कुमार रावत, पुत्र बलवीर सिंह रावत, को उनकी उत्कृष्ट, सराहनीय एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों में हर्ष की लहर है।

राष्ट्रपति की ओर से उनको यह सम्मान नई दिल्ली के वसंत कुंज में आयोजित सीआरपीएफ के 88वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक प्रवीण सूद द्वारा प्रदान किया गया। केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल में अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवा-भाव का परिचय देते हुए संगठन के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। कठिन एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए उन्होंने सीआरपीएफ में एक समर्पित एवं अनुशासित अधिकारी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। पहाड़ की मिट्टी से निकलकर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल जैसे प्रतिष्ठित सुरक्षा संगठन में अपनी सेवाएं देना और उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक प्राप्त करना उनके परिवार, गांव, क्षेत्र एवं पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है। सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले पहाड़ी क्षेत्रों से निकलकर राष्ट्र की सेवा के सर्वोच्च मानकों को प्राप्त करना यह संदेश देता है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन, ईमानदारी और निरंतर परिश्रम के बल पर किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

## गुरु भ्रातृ मंडल ने गुरु की प्रतिमा का किया पूजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्री गुरु भ्रातृ मंडल द्वारा बाला जी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्मलीन गुरु सत्य प्रसाद बहुगुणा की प्रतिमा का आचार्य दिनेश जुयाल के सानिध्य में वेदोक्त पद्धति से अभिषेक-पूजन कार्य संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष राजदीप माहेश्वरी ने कहा कि गुरू महिमा अनंत है। गुरु हमारे जीवन से अज्ञान का अंधकार मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। कहा कि गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में गुरुपूजन किया जाता है। इससे गुरु-शिष्य परंपरा की महानता समाज के समक्ष उजागर होती है। अपने गुरूजनों का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। तत्पश्चात गुरुभातृ मंडल द्वारा श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के मेधावी ऋषिकुमारों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष संजय खन्तवाल, सचिव दिनेश मोहन कुकरेती, उप-सचिव बाल मोहन ध्यानी व कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य डा. रमाकांत कुकरेती ने किया।

## प्रेमांजलि समागम समिति ने झण्डीचौड़ में किया पौधारोपण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से झंडीचौड़ में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन तथा समाज में वृक्षों के प्रति जागरूकता एवं प्रेम की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष ही वास्तविक देवता हैं, जो बिना किसी भेदभाव के मानव जीवन को प्राणवायु, फल, छाया और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण को एक सामाजिक एवं नैतिक दायित्व के रूप में अपनाना चाहिए। तत्पश्चात आम, नींबू, आंवला एवं अमरूद के फलदार पौधों का विधिवत रोपण किया गया। कार्यक्रम में गेप्स के संस्थापक राम भरोसा कंडवाल, दिनेश चौधरी, मनमोहन काला व जगत सिंह नेगी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

**आवश्यकता है**


हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-

9319823965

8191819148


# हादसे में बुजुर्ग रिक्शा चालक की मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** बुधवार की शाम ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा जाने के बाद बुजुर्ग रिक्शा चालक ग्राम भवानीपुर निवासी हरनाम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी हरनाम सिंह ( 60 वर्ष) काफी समय से बीमार होने के बावजूद ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बुधवार की शाम वह ई-रिक्शा लेकर मुख्य बाजार से होते हुए बड़ा मंदिर के पास पहुंचा, तभी अचानक रिक्शा चालक की तबीयत खराब हो गई और उसकी रिक्शा अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व रिक्शा चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सीओ राजेश सोलंकी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




## विवाद के चलते 11 घंटे बाद हुआ रईस अहमद का दफीना

**नगीना ( चिंगारी )।** कब्रिस्तान की आराजी के स्वामित्व को लेकर कब्र न खोदने देने से हुए विवाद में जिम्मेदार लोगों द्वारा समझौता करा दिया गया। करीब 11 घंटे बाद मरहूम रईस अहमद का दफीना हो गया। सपा नेता इक़बाल कुरैशी ने बताया कि बुधवार की अपराह्न तीन बजे से चार बजे तक उनके निवास पर दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों के बीच मौखिक समझौता हो गया है। आराजी के स्वामित्व संबंधी विवाद का निस्तारण करने के लिए बृहस्पतिवार की शाम को दोनों पक्षों की बैठक होगी। समझौते के बाद अल्वी बिरादरी के पक्ष ने मरहूम रईस अहमद के दफ़िने के लिए सहमति दे दी। समझौते के बाद कब्र खोदने का काम किया गया। बता दें कि बुधवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे कब्रिस्तान में दफीने के लिए कब्र न खोदने देने पर हुए विवाद के बाद लोगों ने एसडीएम व सीओ से मिलकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई थी। एसडीएम प्रिंस कुमार के आदेश पर कानूनगो नीरज कुमार ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर तथा फिर दोनों पक्षों की थाने में समझौता वार्ता कराई थी।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**





